RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 205 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 4 जून 2022



पेज -3 पर

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू के विरुद्ध शिकायत ...

रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार से पूर्व मैदान का हो सीमांकन ताकि अवैध कब्जे पे हो ...

पेज -8 पर





JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### जमीन विवाद में बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक भाई ने अपने ही बड़े भाई की हत्या कर दी। बताया गया कि दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब फिर से विवाद हुआ तो आरोपी ने अपने बड़े बेटे के साथ मिलकर बुजुर्ग पर लाठी-डंडे से कई वार किए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामला केरेगांव थाना क्षेत्र का है। छुही गांव में नकछेड़ा ध्रुव(80) अपने परिवार के साथ रहता था। उसका छोटा भाई कुमान ध्रुव(60) भी वहीं पड़ोस में रहता था। दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कई बार इस बात को लेकर झगड़ा हो चुका था। इस बीच गुरुवार को भी दोनों भाई के बीच काफी झगड़ा हो गया था। इसके बाद ही कुमान ने अपने ही भाई की हत्या का प्लान बना लिया। अगले दिन शुक्रवार को नकछेड़ा का परिवार कहीं बाहर गया था। इसी वक्त कुमान अपने बड़े बेटे पंकज के साथ वहां पहुंचा और लाठी-डंडे से नकछेड़ा को पीटने लगा। कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई थी। वारदात के बाद दोनों वहां से निकल गए थे।

# बीजापुर में IED की चपेट में आने से CRPF जवान घायल, रायपुर शिफ्ट किया गया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में शुक्रवार को माओवादियों द्वारा लगाए IED बम की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का एक जवान घायल हो गया है। कोबरा की 210 बटालियन व सीएएफ की संयुक्त पार्टी शुक्रवार को कैंप से पेगड़ापल्ली की ओर एरिया डॉमिनेशन पर रवाना हुई थी। जवानों की टीम कैंप से 5 किमी



की दूर पर पहुंची थी कि नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम की चपेट में एक जवान आ गया। बीजापुर एएसपी पंकज शुक्ला ने बताया कि तर्रेम में तैनात कोबरा 210 का एक जवान आईईडी की चपेट में आया है, जवान का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। जवान का नाम निरंजन कुमार पासवान है। उसे तर्रेम लाकर प्राथमिक उपचार दिया गया और बेहतर उपचार के लिए रायपुर रवाना किया जा रहा है।

### बीजापुर जिले में एक माह में चौथी घटना

माओवादियों का टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन (टीसीओसी) का समय सबसे खतरनाक माना जाता रहा है। इस समय माओवादी अक्सर जवानों पर बड़ा हमला करते हैं। इस टीसीओसी में माओवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाये। सरकार माओवादियों को बैकफुट पर बता रही है।

वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो माओवादी सीधे अटैक करने से ज्यादा जवानों को ट्रैप में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। यही वजह है कि केवल बीजापुर में ही एक महीने में यह चौथी घटना हो चुकी है, जिसमें जवानों के रास्ते पर माओवादियों द्वारा आईईडी बम लगाकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

### सीधे लड़ने के बजाय विस्फोट का सहारा

जंगलों में सर्चिंग पर निकलने वाले जवानों को एंबुश लगाकर माओवादी बड़ा नुकसान पहुंचाते हैं। एंबुश में माओवादियों और जवानों के बीच होने वाले मुठभेड़ में माओवादियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में अब माओवादियों द्वारा जवानों से सीधे मुठभेड़ करने से ज्यादा उन्हें आईईडी बम, प्रेशर बम और स्पाइक होल जैसे ट्रैप से नुकसान पहुंचाने की कोशिशें ज्यादा की जा रही हैं। इस तरह के ट्रैप में माओवादियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता और अधिकतर घटनाओं में वे जवानों को नुकसान पहुंचाने में कामयाब हो जाते हैं।

# पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## साथी के निलंबन और गिरफ्तारी पर भड़के, तहसीलदार, थाना प्रभारी को सस्पेंड करने की मांग

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में घूस लेने के आरोपी पटवारी के निलंबन और गिरफ्तारी को लेकर उनके साथी भड़क गए हैं। विरोध में जिले के सभी 256 पटवारी शुक्रवार से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए। इसके चलते राजस्व व्यवस्था बिगड़ गई है।

ये लोग तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी को सस्पेंड करने की मांग पर कर रहे हैं। कुछ दिनों बाद ही ष्टरू का दौरा है और हड़ताल, प्रदर्शन, धरने पर रोक है।



राजस्व पटवारी संघ के बैनर तले सभी पटवारी कचहरी चौक पर एकत्र हो गए और वहीं धरना देना शुरू कर दिया है। पटवारियों का कहना है कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर पामगढ़ में पदस्थ पटवारी देवेंद्र साहू को ष्ठरू ने सस्पेंड कर दिया। विभागीय जांच भी नहीं कराई। इसके बाद अगले दिन पटवारी को पुलिस ने जबरदस्ती गिरफ्तार भी कर लिया। जैसे वे कोई चोर, डाकू, पेशेवर मुजरिम हों।

पदाधिकारियों का कहना है कि पहले भी संघ ने समाचार पत्रों में छपी खबरों और वीडियो के आधार पर बिना विभागीय जांच की कार्यवाही नहीं करने को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। इस पर अपर कलेक्टर ने आश्वासन भी दिया था। इसके बाद भी ऐसी कार्रवाई की गई। संघ का कहना है कि जब तक तीनों अफसरों को निलंबित नहीं किया जाता, हड़ताल जारी रहेगी। चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी अंदोलन करेंगे।

इसी वीडियो के सामने आने के बाद पटवारी पर कार्रवाई की गई। इसी वीडियो के सामने आने के बाद पटवारी पर कार्रवाई की गई।

### 3 अप्रैल को 500-500 के 8 नोट लिए थे पटवारी ने

दरअसल, पामगढ़ तहसील के कोड़ाभाठ गांव के किसान राज कुमार कुर्रे को पैसों की जरूरत थी। वह अपनी जमीन बेचना चाहता था, लेकिन नक्शा राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त नहीं था। इसके चलते नक्शा अपडेट कराने के लिए वह हल्का नंबर 23 के पटवारी देवेंद्र साहू के पास चक्कर लगा रहा था। आरोप है कि कई बार चक्कर लगाने के बाद पटवारी ने उससे 4 हजार रुपए मांगे। इसके लिए किसान ने 500-500 के 8 नोट दिए।





# बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता पर भड़के मुस्लिम

## सड़कों पर लगाए नुपूर शर्मा के पोस्टर, उसी पर पैदल मार्च ;पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर गिरफ्तारी की मांग

**धमतरी।** पैगंबर मोहम्मद साहब पर BJP की राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपूर शर्मा की अभद्र टिप्पणी के बाद मुस्लिम समाज आक्रोशित हो गया है। छत्तीसगढ़ के धमतरी में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के तमाम लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने शहर की सड़कों पर नुपूर शर्मा के पोस्टर चस्पा किए और उसी पर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद ष्ठरू को ज्ञापन सौंपा और गिरफ्तारी की मांग करते हुए कोतवाली में शिकायत दी है। दरअसल, एक टीवी चैनल पर इव डिबेट के दौरान BJP प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने मुस्लिम समाज को लेकर टिप्पणी की है। इसके चलते मुस्लिम समुदाय के लोग नाराज हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर एकत्र हो गए। उन्होंने प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पोस्टर लगाए और उस पर मार्च निकाल ष्ठरू कार्यालय तक पहुंचे। वहां ज्ञापन सौंप गिरफ्तारी की मांग की।

# फर्जी तरीके से कागजों में हो रहा ग्राम सभा एवं जनसुनवाई

## जनसूनवाई सफल बनाने दलालों के साहारे ग्रामीणों से करवा रहे फर्जी हस्ताक्षर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वैधानिक मंजूरी के बिना ही धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं कागजी कार्यवाही को पूरा करने के लिए फर्जी तरीके से ग्राम सभा एवं जनसुनवाई को कागजों में ही पूरा किया जा रहा है।

धरमजयगढ़ से कापू तक सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ है। जिसका निर्माण कार्य भी धड़ल्ले से चल रहा है। लेकिन कागजी कार्यवाही अभी भी अधूरा है। जिसके लिए कम्पनी द्वारा फर्जी तरीके का सहारा लिया जा रहा है। बता दें कि इस सड़क निर्माण में प्रभावित गांवों में जनसुनवाई एवं ग्राम सभा की सहमति जरूरी है। जिसके लिए कई जगहों पर जनसुनवाई भी की गई। लेकिन जनसुनवाई में सहमति नहीं बन सका और जनसुनवाई फेल हो गया। वहीं प्रभावित ग्राम सभा का भी सहमति प्रस्ताव पास होना चाहिए। लेकिन किसी भी ग्राम सभा से सहमति नहीं मिला है। जिसके लिए कम्पनी के कर्मचारी फर्जी तरीके से कागजी कार्यवाही पूरा करने में लगे हैं। संबंधित ग्राम पंचायत या नगर क्षेत्र के दलालनुमा व्यक्ति को प्रलोभन

**धरमजयगढ़ से कापू मार्ग निर्माण को नहीं मिली है वैधानिक मंजूरी**

दिए हैं जिसके द्वारा गांव के भोली भाली जनता से हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। शुरू में भी गांव-गांव में फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करवाया गया था। लेकिन कोरम पूरा करने के लिए संख्या पर्याप्त नहीं हुआ था। जिसके लिए फिर से हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। बता दें कि दिसम्बर 2021 में जनसुनवाई हुआ था और उसमें सहमति बननी थी। लेकिन संबंधित लोगों द्वारा समय पर यह काम नहीं करवाया पाया सिर्फ ऑफिस में बैठकर खानापूर्ति किए थे। फि र भी कागजी कार्यवाही अधूरा हो गया था। जिसके लिए अभी पिछले तिथि में भोली भाली जनता से हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित कार्य के लिए आज तक कोई अधिकारी कर्मचारी गांव में नहीं आया है। जिससे लगता है कि इस फर्जी कार्य में नीचे से ऊपर तक संलिप्त हैं?

# NTPC के GM को नोटिस, ग्रामीणों ने घेरा कलेक्ट्रेट

## राखड़ डैम और प्रभावित गांवों का CGEB अफसरों ने किया दौरा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में NTPC के राखड़ डैम से उड़ रही राख की तपिश अफसरों तक पहुंच गई है। पर्यावरण प्रदूषण मंडल (CGEB) ने राखड़ डैम और प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान आसपास के इलाकों को देखने के बाद NTPC के GM को नोटिस जारी किया है। साथ ही कहा गया है कि तय शर्तों पर वैज्ञानिक तरीकों से फ्लाई ऐश का सुरक्षित तरीके से निपटान करें। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को प्रभावित ग्रामीण कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी करते हुए व्यवस्था ठीक करने की मांग की।

दरअसल, NTPC सीपत के राखड़ डैम और प्रभावित गांवों को लेकर में 'NTPC की लापरवाही से 20 गांवों में राख की आंधी-हवा







से राखड़ डैम से उड़ता है गुबार; घर-घर में दमा-सांस के मरीज खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद से ही स्थानीय ग्रामीण आंदोलनरत हैं। एक दिन पहले भी ग्रामीणों ने SDM दफ्तर का घेराव किया था। साथ ही आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। वहीं दैनिक भास्कर की ग्राउंड रिपोर्ट के बाद क्षेत्रीय पर्यावरण प्रदूषण मंडल के अफसर भी राखड़ डैम का जायजा लेने पहुंच गए।

अफसरों ने इस दौरान राखड़ डैम से उड़ रही राख और डस्ट को देखा। साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ कर जानकारी भी ली। निरीक्षण के बाद पर्यावरण प्रदूषण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारियों ने खामियों को 15 दिन के भीतर दूर कर जवाब देने के लिए कहा है।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** पुलिस ने गौरेला थाना मरवाही से एक बालिका को अपहरण कर उसे बहला फुसलकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने गौरेला थाने में 8 मार्च 20 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में नही है। रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। इसी संबंध में जिले से साइबर सेल एवं थाना मरवाही की टीम गठित कर तेलंगाना राज्य भेजी गई थी। जहां हैदराबाद से आरोपित राजेंद्र सूर्या के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। तथा आरोपी राजेंद्र सूर्या उर्फ बाबू पिता चैनदास (29) निवासी टिकराटोला रटगा को धारा 366, 376 भादवि एवं 4-6 पाक्सो एक्ट जोड़ कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**जैविक खाद..** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लोगों से जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग की अपील भी की

# बस्तर की भूमि में होने वाले कोदो कुटकी के उत्पादन में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका : भूपेश बघेल

**रायपुर।** कोदो-कुटकी के पौष्टिक गुणों के संबंध में देश में तेजी से जागरूकता बढ़ी है और इन उत्पादों की बड़ी माँग खड़ी हुई है। इस अवसर का पूरा लाभ किसानों को देने छत्तीसगढ़ सरकार इसकी प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित कर रही है। भानुप्रतापपुर विधानसभा के दुर्गूकोंदुल में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोदो-कुटकी की प्रोसेसिंग कर रही महिलाओं से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि बस्तर की भूमि में होने वाले कोदो कुटकी के उत्पादन से किसानों और इसकी प्रोसेसिंग में हिस्सा ले रहे समूहों के



लिए बड़ी संभावना है क्योंकि बस्तर में जंगली भूमि होने की वजह से तथा रासायनिक खाद का प्रयोग कम किये जाने की वजह से यहां के उत्पादन को अच्छा मूल्य मिल सकता है। इस वजह से हमने वनोपजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की नीति बनाई है और उस पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लोगों से जैविक खाद के अधिकाधिक उपयोग की अपील भी की। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मनोज मंडावी एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया भी मौजूद थीं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

पीएमजीएसवाय की पुलिया के लिए जमीन गई, कलेक्टर को जमीन दिलाने निर्देशित किया- ग्राम मेड़ो के किसान श्री गणेशराम ने बताया कि वर्ष 2016-17 में गांव में पुलिया बनी। इसके लिए जमीन ली गई लेकिन मुआवजा नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को किसानों को जमीन दिलाने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पीएमजीएसवाय योजना में मुआवजे का प्रावधान नहीं है। जमीन के बदले जमीन ही दी जा सकती है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में 13 साल से स्कूल खुला है लेकिन भवन नहीं है। गांव वालों ने चंदा कर शेड बनाया है। बरसात में बहुत परेशानी होती है।



छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को मिले 2 सांसद

# निर्विरोध राज्यसभा पहुंचे राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार राजीव शुक्ला एवं रंजीत रंजन निर्विरोध जीत गए हैं। शुक्रवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। तय समय के बाद निर्वाचन अधिकारी ने जीत की घोषणा कर दी। सांसद रंजीत रंजन निर्वाचन सर्टिफिकेट लेने छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुचीं। रंजीत रंजन को रिटर्निंग ऑफिसर दिनेश शर्मा ने निर्वाचन प्रमाण-पत्र दिया। राजीव शुक्ला की अनुपस्थिति में सुधीर शुक्ला ने निर्वाचन अधिकारी से उनका प्रमाण-पत्र लिया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री



रविंद्र चौबे, विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय सहित कांग्रेसी मौजूद रहे। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (JCCJ) के उम्मीदवार डॉ. हरिदास भारद्वाज का नामांकन 1 जून को खारिज दिया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन का निर्विरोध सांसद बनना लगभग तय हो गया था। रिटर्निंग अफसर की ओर से कहा गया था कि डॉ. भारद्वाज ने न्यूनतम 9 प्रस्तावक होने की अनिवार्य शर्त को पूरा नहीं किया है।

# तेलंगाना के जरिये दक्षिण पर नजर, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारी पर अटकलबाजी का दौर

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार भारी बहुमत के साथ चुने जाने से दक्षिण भारत में भाजपा का हौसला बढ़ा है। दक्षिणी राज्यों के लोगों को पारंपरिक रूप से इस बात की नाराजगी रहती है कि विकास के कार्य उत्तर भारतीय राज्यों में ही होते हैं। लेकिन पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास मंत्र ने अनेक दक्षिण भारतीयों को आकर्षित किया है।

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राम मंदिर के गर्भगृह की नींव रखने से भी दक्षिण भारत के लाखों श्रद्धालुओं के मन में उत्साह की भावना है। दक्षिण में अटकलें हैं कि भाजपा और मोदी किसी दक्षिण भारतीय को अगले राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाएंगे। ऐसा होता है, तो दक्षिण भारत में भाजपा दोगुनी गति से आगे बढ़ेगी। मोदी, योगी और राम मंदिर-ये तीन दक्षिणी राज्यों में चर्चा के मुख्य विषय हैं। पर असहमति के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। द्रमुक नेता एम. के. स्टालिन ने तमिलनाडु में शासन के द्रविड़ मॉडल को हवा दी है। दक्षिण में हालांकि कांग्रेस की कोई खास मौजूदगी नहीं है। इसकी वजह यह है कि राहुल गांधी जिस वायनाड से सांसद चुने गए हैं, वहां वह नहीं जाते। वहां के मतदाता कहते हैं कि राहुल गांधी विदेश यात्रा करने के ज्यादा इच्छुक हैं। दक्षिण और उत्तर के बीच गहरी खाई है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी दक्षिणी राज्यों में लोकप्रिय हैं और दो से तीन फीसदी युवाओं का वोट मोदी को जाता है। आईटी क्षेत्र के कर्मचारियों में मोदी के प्रति खास निष्ठा है। दक्षिण के तीन बड़े आईटी केंद्र हैदराबाद, चेन्नई और बंगलूरू के तीस वर्ष से कम उम्र के युवा ग्राफिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सॉफ्टवेयर विकास में नवाचार से मोदी से खुश हैं। कर्नाटक और पुडुचेरी में मोदी के डबल इंजन सरकार का फॉर्मूला अच्छा काम कर रहा है।

यहां भाजपा ने अच्छी तरह से पैठ बना ली है। तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों में भी भाजपा ने पैठ बनाई है। स्पष्ट है कि युवा भाजपा नेता अन्नामलाई की कोशिश वहां रंग ला रही है। हाल के निकाय चुनावों में भाजपा तमिलनाडु में अकेले चुनाव लड़ी थी और उसे सात फीसदी वोट मिले थे। इसी तरह केरल में हिंदुत्व की भावना को जनाधार मिला है। पर वहां कम्युनिस्टों का वर्चस्व खत्म करना कठिन है। भाजपा ने त्रिपुरा में माकपा को जिस तरह उखाड़ा, अगले पांच साल में वह केरल में ऐसा ही करेगी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दक्षिण में ज्यादा सीटें जीतने की इच्छुक है। दक्षिणी राज्यों में द्रमुक, अन्नाद्रमुक, पीएमके, टीआरएस, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस जैसे आठ विभिन्न राजनीतिक दल हैं, लेकिन तीन राज्यों-कर्नाटक, पुडुचेरी और तेलंगाना में भाजपा के हिंदुत्व के प्रति भारी आकर्षण है, पर तमिलनाडु, केरल एवं कर्नाटक में उसे संघर्ष करना पड़ेगा। हाल ही में प्रधानमंत्री ने हैदराबाद में के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति राज्य में हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच विभाजन कर रही है।

**भारतीय राजनीति**



> तेलंगाना पर भाजपा के दांव लगाने के कुछ ऐतिहासिक कारण हैं। यह पहली राष्ट्रीय पार्टी थी, जिसने अलग तेलंगाना राज्य का समर्थन किया था और तेलंगाना राष्ट्र समिति के जन्म से पहले ही इसने तेलंगाना राज्य के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उत्तर भारत में ज्ञानव्यापी का मुद्दा छाया है, तो यह प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों के पालन करने का ही नतीजा है।

तेलंगाना में हिंदुओं की भारी आबादी है, यही वजह है कि भाजपा ने वहां पकड़ बनाई है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने कोविड-19 क्लस्टर के बढ़ने और संक्रमण के मामलों में तेजी के लिए उत्तर भारतीय छात्रों को जिम्मेदार ठहराया था। इसके अलावा, द्रमुक मंत्री पोनुमुडी ने एक विवादास्पद बयान दिया कि जो लोग तमिलनाडु में पानी-पूरी बेचते हैं, केवल वही हिंदी बोलते हैं। इसका जितिन प्रसाद ने तीखा जवाब दिया था। निश्चित रूप से जब भी द्रमुक की ओर से ऐसा बयान आता है, तो उत्तर में रहने वाले दक्षिण भारतीयों को परेशानी होती है।

निस्संदेह भाजपा दक्षिणी राज्यों में सत्ता तक पहुंचने का आसान रास्ता नहीं बना पाई है। लंबे समय तक वह यही मानती रही कि कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद उसे आसानी से दक्षिण के अन्य राज्यों में भी मतदाताओं द्वारा स्वीकार कर लिया जाएगा, लेकिन यह सपना ही बना रहा। अब भाजपा ने इन सभी राज्यों के लिए अलग-अलग ढंग से रणनीति बनाने का फैसला किया है। और दक्षिण की दीवार तोड़ने के लिए दूसरे विकल्प के रूप में उसने तेलंगाना को चुना है। तेलंगाना पर भाजपा के दांव लगाने के कुछ ऐतिहासिक कारण हैं। यह पहली राष्ट्रीय पार्टी थी, जिसने अलग तेलंगाना राज्य का समर्थन किया था और तेलंगाना राष्ट्र समिति के जन्म से पहले ही इसने तेलंगाना राज्य के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उत्तर भारत में ज्ञानव्यापी का मुद्दा छाया है, तो यह प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों के पालन करने का ही नतीजा है। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री काल में यह संभव नहीं था। यूपीए सरकार चुराई गई मूर्तियों के मसले पर चुप लगा बैठी थी, जबकि राजग ने पुरानी मुर्तियों को हासिल करने की कोशिश की और अमेरिका के छह और ऑस्ट्रेलिया से चार मूर्तियां बरामद की गईं।

राजगोपालन

## संपादकीय

### जैसे आठ साल वैसे 10, 15 या 20 साल

प्रधानमंत्री जापान गए तो वहां प्रवासी भारतीयों के बीच कहा, 'मैं मक्खन पर नहीं पत्थर पर लकीर खींचने में विश्वास करता हूं'। पिछले आठ साल में भारत की राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था को जो दिशा मिली है वह भी पत्थर पर खींची गई लकीर की तरह है, जो नहीं बदलने वाली है। प्रधानमंत्री की अपनी सोच और कार्यशैली भी पत्थर पर लकीर की तरह ही है। तभी यह मान सकते हैं कि जैसे आठ साल बीते हैं वैसे ही आगे 10, 15 या 20 साल बीतेंगे। कुछ भी नहीं बदलेगा क्योंकि भारत आज जिस दशा में है वह सिर्फ परिस्थितियों के कारण नहीं है, बल्कि सोच-समझ कर किए गए फैसलों की वजह से है। दुनिया भर के देशों की अर्थव्यवस्था में गिरावट कोरोना वायरस की महामारी के कारण हुई लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था उससे बहुत पहले किए गए नोटबंदी के सुनियोजित फैसले की वजह से बिगड़ने लगी थी। दुनिया में गिरावट मार्च 2020 में शुरू हुई और भारत में मार्च 2018 में ही शुरू हो गई थी। चीन और दुनिया के देशों पर भारत की निर्भरता बढ़ी है। भारत का निर्यात बढ़ा है तो उसी अनुपात में आयात भी बढ़ा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भरा है तो उसी अनुपात में भारतीय मुद्रा की कीमत गिरी है और आयात का बिल भी बढ़ा है। सो, अगर आठ साल में विकास दर ठप्प है, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, गरीबों की संख्या में इजाफा हुआ है, संपत्ति निर्माण बंद है, सरकारी कंपनियों की बिक्री भी नहीं हो पा रही है लेकिन अरबपतियों की संख्या बढ़ रही है तो यहीं सब कुछ आगे भी होता रहेगा। आगे के कई सालों की राजनीतिक व सामाजिक पटकथा भी पहले ही लिखी जा चुकी है।

# आखिर क्यों हो रही है टारगेट किलिंग से बार-बार माहौल बिगाड़ने की कोशिश?

जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद जैसे-जैसे हालात सुधरने लगे थे, वैसे-वैसे फिजा बिगाड़ कर जहर घोलने की पुरजोर साजिश भी परवान चढ़ने लगी है। कश्मीर में एक महीने के भीतर करीब 9 कश्मीरी पंडितों व गैर कश्मीरी हिंदुओं की टारगेट किलिंग के पीछे कई वजहें हैं। कश्मीर की वादियों से सीमा पार तक से रची जा रही इस साजिश के जरिए कश्मीरी पंडितों की वापसी, अमरनाथ यात्रा और लोकतंत्र की खातिर होने वाले चुनाव में खलल के नापाक मंसूबे साफ झलक रहे हैं।

पाक के आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जो घाटी के युवाओं को बरगला कर उनके कंधे पर बंदूकें रखकर अशांति और डर का माहौल पैदा कर रहे हैं।

दरअसल, 370 की वापसी के बाद कश्मीर में तेजी से हालात बदले हैं। पर्यटन के लिहाज से कश्मीर फिर धरती का स्वर्ग साबित होने लगा। सारे होटल पैक रह रहे हैं। निवेश का माहौल पूरी तरह से इसलिए नहीं बन पाया क्योंकि निवेशकों में असुरक्षा की भावना कम नहीं हुई है, फिर भी घाटी में बाहरी के जमीन खरीदने के दो मामले आए। घाटी के मुकाबले जम्मू में निवेशकों का उत्साह ज्यादा है। हाल के वर्षों में आतंकियों पर नकेल डाली गई तो आतंक से जुड़े युवाओं को मुख्यधारा में लाने की पुरजोर कोशिशें भी हुईं। कश्मीरी पंडित भले असुरक्षा की भावना से अब भी पूरी तरह से कश्मीर लौटने का साहस नहीं जुटा पा रहे हों लेकिन प्रधानमंत्री पैकेज के तहत करीब 5-6 हजार कश्मीरी पंडितों ने नौकरियां हासिल कर घर वापसी की है। 370 की वापसी से पहले भी जम्मू-कश्मीर में आतंकी सगंठनों द्वारा भटकाव के शिकार पत्थरबाज युवाओं या संगीनें थामने वालों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नौकरियों में अवसर प्रदान किए गए। कुछ ने नौकरियां हासिल कर ली लेकिन वे तब भी साजिश के हिस्सा या सूत्रधार बने रहें। अब जब कश्मीरी पंडितों को पीएम पैकेज के तहत नौकरियां मिल रही हैं तो तेजी से उनकी घर वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ऐसे में आतंकियों ने राहुल भट्ट, टीवी कलाकार आमरीन और शिक्षिका के बाद अब राजस्थान से जुड़े बैंक प्रबंधक को निशाना बनाकर डर का माहौल पैदा किया है। ऐसा तब भी किया गया, जब बिहार से जुड़े मजदूरों के सामूहिक कत्लेआम किए गए। खूनखराबे से कश्मीरी बनाम गैर कश्मीरी का जहर घोलने की साजिश लगातार जारी है। डर का माहौल पैदा करने के पीछे कश्मीरी पंडितों की घर वापसी को रोकना और गैर कश्मीरियों व हिंदू अल्पसंख्यकों को वादियों में सुकून की सांस लेने से रोकने का नापाक इरादा साफ है। अब 30 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है, यह आस्था का सवाल है। कोरोना की वजह से दो साल से अमरनाथ यात्रा नहीं हो पाई। इस बार भव्य यात्रा की तैयारी की गई है। आमतौर पर अमरनाथ यात्रा में पहले 2-3 लाख श्रद्धालु शामिल होते थे। इस बार उम्मीद की जा रही है कि यह संख्या पहले से ज्यादा होगी। तैयारी तो 5 से 8 लाख श्रद्धालुओं के हिसाब से की जा रही है। अमरनाथ यात्रा के पंजीयन की शुरुआत में ही 1 जून तक यह आंकड़ा ढाई लाख को छू चुका है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा की आस्था में अशांति की ताजा घटनाएं भी खलल की साजिश का हिस्सा हैं।

**कश्मीर पर सामयिक विश्लेषण**



> कश्मीर की वादियों से सीमा पार तक से रची जा रही इस साजिश के जरिये कश्मीरी पंडितों की वापसी, अमरनाथ यात्रा और लोकतंत्र की खातिर होने वाले चुनाव में खलल के नापाक मंसूबे साफ झलक रहे हैं।

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के परिसीमन के बाद से लोकतंत्र की खातिर चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। हालांकि, परिसीमन का विवाद फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और गर्मी की छुट्टी के बाद ही इस पर सर्वोच्च अदालत ने गौर करने का मन बनाया है,लेकिन गुपकार गुट से लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां परिसीमन को लेकर सवाल खड़े कर चुकी हैं।

हरि वर्मा

## मिला जुला

**सब झूठ है, मैंने खुद कागज देखे हैं'**

# यमुना में दिखी जहरीली झाग तो कुमार विश्वास ने केजरीवाल सरकार पर यूं किया कटाक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार के लाख दावों के बाद भी यमुना नदी में प्रदूषण कम नहीं हो रहा है। 2 जून को यमुना नदी में जहरीला झाग देखा गया। जिसके बाद मशहूर कवि और आम आदमी पार्टी का हिस्सा रहे कुमार विश्वास ने ट्विटर पर यमुना नदी का वीडियो शेयर करते हुए केजरीवाल सरकार पर तंज कसा है।

**कुमार विश्वास ने ली चुटकी-** कुमार ने एएनआई का वीडियो शेयर करते हुए लिखा,'ये झूठी बात है। हम कट्टर देशभक्त पार्टी हैं। मैंने खुद यमुना जी के कागज देखे हैं।' कुमार विश्वास के इस ट्वीट पर लोगों ने भी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। भावेश कुमार पांडे ने लिखा, 'कागज में तो सब ठीक है, केजरीवाल ने लेमिनेट करा के रखा है।' एक यूजर ने लिखा, 'कविराज आज फॉर्म में हैं।' अन्य ने लिखा, 'केजरी मफलर मास्टर झूठ फेकता है बस।'

कुमार मीणा ने लिखा, 'सब के सब चोर हैं साहब, आप इस दलदल से निकल गए।' आशीष पाठक ने लिखा, 'केजरीवाल कहेंगे, सब मोदी जी, अमित शाह जी की चाल है, नहीं तो यमुना एकदम साफ हो चुकी है।' केसी ने लिखा, 'बादल आसमान से धरती पर तो ले आए 'सड़जी', अब और क्या चाहिए?'


कुमार विश्वास के अलावा भारतीय जनता पार्टी के चर्चित नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने भी केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने भी ट्विटर पर यमुना नदी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'बधाई दिल्ली, दिल्ली में स्नोफॉल करवा दिया- केजरीवाल।'

बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 1 जून को बुराडी में स्थापित कोरोनेशन प्लांट का निरीक्षण किया था। जहां उन्होंने कहा था कि कोरोनेशन प्लांट से दिल्ली में पानी की मांग को पूरा किया जाएगा और यमुना का जल भी स्वच्छ होगा। लेकिन 2 जून को यमुना नदी में सफेद रंग का जहरीला झाग बहता देखा गया। यमुना नदी को लेकर फिर से राजनीति शुरू होती नजर आ रही है।

**खालसा कॉलेज में हुई फायरिंग पर भी कसा तंज-** उधर, पंजाब के अमृतसर में खालसा कॉलेज के बाहर 1 जून को दो गुटों में विवाद हो गया, फायरिंग भी हुई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पंजाब पुलिस ने इस घटना को रूटीन क्राइम करार दिया। कुमार विश्वास ने ट्विटर पर इस खबर को शेयर करते हुए पंजाब सरकार पर तंज कसा है। कुमार ने लिखा है, 'रूटीन क्राइम (नियमित अपराध)?'।

**कई अस्पताल में भर्ती**

# पंजाब की फिरोजपुर जेल में मूसेवाला की हत्या को लेकर कैदियों में मारपीट



**पंजाब** के मशबूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या को लेकर बुधवार को फिरोजपुर जेल में कैदियों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट भी हुई. इस दौरान करीब एक दर्जन कैदी घायल हो गए. वहीं करीब चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि दोनों गुटों के बीच मूसेवाला की हत्या को लेकर बहस हो गई थी.

### जेल में हुई हिंसा की बात गुप्त रखी गई थी- सूत्र

अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि जेल में हुई हिंसा की बात गुप्त रखी गई थी. जेल अधिकारियों का कहना है कि एक पक्ष मूसेवाला की हत्या को गलत बता रहा था, जबकि दूसरा पक्ष सही बता रहा था. इसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई. सूत्रों का यह भी कहना है कि घटना के वक्त जेल के अंदर कैदियों को रोकने के लिए भी इंतजाम नहीं थे, जिससे हिंसा बढ़ती चली गई. गौरलतब है कि मूसेवाला की हत्या के बाद पंजाब पुलिस इस मामले में पूछताछ के लिए दो अपराधियों को पेशी वारंट पर जेलों से भी लाई है.

# अमित शाह और डोभाल की 2 दिन में 2 बैठक, आतंकियों के लिए बन गया प्लान!



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी चुन-चुनकर कश्मीरी पंडित, गैर-कश्मीरी हिंदुओं और वतनपरस्त मुस्लिमों की हत्याएं कर रहे हैं। 3 दिनों में 3 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। घाटी में इस साल अबतक 18 टारगेट किलिंग हो चुकी है। एक के बाद एक इन घटनाओं से 90 के दशक के भयावह दौर की यादें ताजा हो चुकी हैं। घाटी से एक बार फिर बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों का पलायन शुरू हो गया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गृह मंत्री अमित शाह लगातार दूसरे दिन उच्चस्तरीय बैठक करने जा रहे हैं। सरकार ने टारगेट किलिंग कर रहे आतंकियों से निपटने के लिए एक पुख्ता प्लान की रूपरेखा भी तैयार कर ली है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के सफाये के लिए एंटी-टेरर ऑपरेशन तेज किया है। इसके अलावा 2019 में आर्टिकल 370 के तहत राज्य को मिले विशेष दर्जे को खत्म किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने और पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ स्थानीय स्तर पर उठती आवाज से आतंकी बौखलाए हुए हैं। इसी बौखलाहट में वे टारगेट किलिंग कर रहे।

## उत्तराखंड के सीएम धामी ने जीता चंपावत उपचुनाव



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत निर्वाचन क्षेत्र सीट से चुनाव जीत लिया है. सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत उपचुनाव में रिकार्ड जीत दर्ज करते हुए अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की निर्मला गहतोड़ी को 55 हजार से अधिक मतों से पराजित किया है. वहीं इस शानदार जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धामी को बधाई दी और विश्वास जताया कि वे अब राज्य की प्रगति के लिए और भी मेहनत करेंगे।

# 2000 करोड़ रुपए का कथित घोटाला! 'आप' को सिसोदिया की गिरफ्तारी का डर

**भाजपा नेताओं ने 2000 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की शिकायत की थी, जिसे एसीबी के पास भेजा गया था**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के बाद अब उनकी सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हो सकती है। उन्होंने कहा किसी फर्जी मामले में उन्हें फंसाया जा सकता है। अब आम आदमी पार्टी ने यह भी बताया है कि किस केस में सिसोदिया को जेल भेजे जाने का आशंका है। पार्टी का दावा है कि केंद्र ने सिसोदिया को फंसाने के लिए 3 साल पुराना एक मामला उठाने की साजिश रची है। आप नेता आतिशी ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दावा किया कि केंद्र ने सिसोदिया को गिरफ्तार करवाने के लिए अपनी सभी जांच एजेंसियों, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), दिल्ली पुलिस और सीबीआई को 'फर्जी' मामले की तैयारी शुरू करने का आदेश दिया है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य और बिजली समेत विभिन्न विभागों का कामकाज संभाल रहे सत्येंद्र जैन को 'बिना किसी नए सबूत के' प्रवर्तन निदेशालय ने एक मामले में गिरफ्तार किया।

### स्कूल निर्माण में घोटाले की शिकायत

आतिशी ने एक कथित दस्तावेज दिखाया जिसमें भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं हरीश खुराना और नीलकांत बख्शी से उनके द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के सिलसिले में अतिरिक्त ब्योरा और दस्तावेज मांगे थे। इन दोनों भाजपा नेताओं ने शिकायत की थी कि सिसोदिया और जैन विद्यालय कक्षाओं और भवनों के निर्माण में 2000 करोड़ रुपए के घोटाले में शामिल थे। यह शिकायत नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को 2 जुलाई, 2019 को की गई थी, जिसे एसीबी के पास भेजा गया था।

### पूछा 3 साल से कहां था केस- आतिशी

आतिशी ने कहा, ' यह मामला पिछले 3 सालों से कहां था? इस मामले में कुछ नहीं हुआ क्योंकि सभी एजेंसियां जानती थीं कि इसमें भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं। केंद्र आप विधायकों के पीछे क्यों पड़ा है?' उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री (अरविंद) केजरीवाल ने कुछ महीने पहले उनकी गिरफ्तारी की आशंका प्रकट की थी और वही हुआ भी। अब हमें पता चला है कि सिसोदिया गिरफ्तार होने जा रहे हैं।'

# ईंट भट्ठे से वापस लौटे मजदूरों की दारूण यथा-कथा

## कमाने गये थे माल, लौटे होकर कंगाल, मजदूर दलाल हुए मालामाल





जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

उत्तर प्रदेश के ईंट भट्ठों मे दिन रात मेहनत करने के बाद भट्ठा दलालों को लाखों रुपयों के कमीशन देने के बाद भी मजदूर नम आंखों से अपने सिर पर कर्ज का बोझ लाद कर वापस अपने घर पहुंच रहे हैं। मजदूरों की दयनीय हालत देखकर किसी भी भावुक इंसान की आंखे डबडबा सकती है। सितंबर से नवम्बर माह में क्षेत्र से अन्य प्रान्तों के ईंट भट्ठों में काम करने गए मजदूर अब तेजी से वापस लौटने लगे हैं। वापस आने वाले मजदूरों में अनेक मजदूर तो ऐसे भी है। जिन्होंने काम के लिए मेहनत तो बहुत की परन्तु वापस वे कर्ज लेकर ही घर पहुंचे हैं। जबकि इन मजदूरों को भट्ठा तक पहुंचाने वाले दलाल घर बैठे मजदूरों को मिलने वाली लाखों रुपये कमाई की राशि स्वयं कमीशन के रूप में हड़प रहे हैं।

### हजार ईंट बनाई 4000 कर्ज लेकर आये

रविवार को उत्तरप्रदेश के सिद्धार्थ नगर से बस द्वारा सीधे पिथौरा बस स्टैंड में उतरे बया निवासी एक मजदूर युवक ने बताया कि वे अपने परिवार के कुल 7 लोग, सिद्धार्थ नगर के भडलिया स्थित ईंट भट्ठा में कार्य कर रहे थे। उनके साथ एक सात साल तो एक तीन साल के बच्चे भी थे। यहां उन्हें ईंट निर्माण की मजदूरी 600 रुपये प्रति हजार दी गई। जबकि मजदूरों द्वारा बनाई गई ईंट पर 600 रूपए की दलाली इन्हें भट्ठा तक पहुंचाने की दी गयी। कुल मजदूरी 1200 रुपये प्रति हजार ईंट निर्माण के दिये गये हैं। जिसे मजदूर एवं दलाल के बीच आधा आधा बंटवारा हो जाता है। इस बार उक्त परिवार ने 82 हजार ईंट बनाई थी। जिसकी मजदूरी 49 हजार दो सौ रुपये की मजदूरी बनी। अब भट्ठा दलाल रामलाल ने इस परिवार से कहा कि और चंद रुपये एडवांस के मिलाकर 53 हजार रुपये का हिसाव निकल दिया। मतलब अब ये मजदूर परिवार दिन रात की मेहनत के बाद भी 4 हजार का कर्ज लेकर घर लौटे हैं।

### बेमानी साबित होती, शासन की योजनाये

जंगल के समीप बसे कंवर आदिवासी परिवार के उक्त परिवार के मुखिया मोतीलाल से भट्ठा जाने का कारण पूछने पर उसने क्षेत्र में काम नहीं होना बताया। मोती के पास कोई डेढ़ एकड़ जमीन भी है। इस जमीन पर वह खेती भी करता है परन्तु धान आवश्यकता अनुसार थोड़ा थोड़ा बेच कर खाते हैं जिससे उन्हें राज्य सरकार की राजीव न्याय योजना हो या केंद्र की किसान सम्मान निधि। दोनों का लाभ नहीं मिल पाता लिहाजा ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी नुमाइंदों से उपेक्षित हो कर भट्ठा जाना ही इनकी नियति बन चुका है।

### दलाली में दलाल बने करोड़ों के आसामी

क्षेत्र के मजदूरों को भट्ठा मालिकों से अग्रिम लेकर मजदूरों को उधार देने वाले मजदूर अपने इस कार्य में प्रति वर्ष लाखों से करोड़ तक कि कमाई करते है। इन भट्ठा दलालों के रौब इतना है कि इनसे पूछताछ करने का साहस भी नीचे स्तर के अफसर नहीं कर सकते। जिससे इन दलालों के पास करोड़ों की प्रॉपर्टी हो गयी है। एक छोटे ठेकेदार ने बताया कि अब मजदूर दलाली का कार्य एक ऐसा उद्योग बन गया है जिसमें ना तो जीएसटी का झंझट और ना हो आयकर का कोई झमेला। बताया जाता है कि भट्ठा दलालों के रुतबा इतना ज्यादा होता है कि इनके सामने पुलिस भी नतमस्तक दिखाई देती है। एक पूर्व थानेदार ने तो मजदूर लेजाने की शिकायत पर कार्यवाही करने की बजाय शिकायत करता को उन्हें अधिकार नहीं है कह कर चलता कर दिया था।

### 25 से 50 हजार भी कमाते हैं मजदूर

कर्ज लेकर आने वाले मजदूरों के अलावा वापस आ रहे मजदूरों में कुछ मजदूर ऐसे भी है जो 25 से 50 हजार रुपये तक नगद लेकर घर पहुंचते हैं। परन्तु लगातार 6 से 7 माह तक मेहनत करने वाले इन मजदूरों के 50 हजार कमाई के रुपये भी घर आते ही खर्च हो जाते है। बहरहाल समृद्ध छत्तीसगढ़ में भट्ठा मजदूर दलाल एक कलंक के टीके के समान है जो कि मजदूरों को शासन की योजनाओं से पहले वंचित करते है। फिर उन्हें कर्ज देते है। इसके बाद इसी कर्ज को उतारने उन्हें भट्ठा की हाड़तोड़ मेहनत में झोंक कर स्वयम धन कमाते है।

### आयकर विभाग को जागने की जरूरत

अपने क्षेत्र में बगैर कोई व्यवसाय या कृषि के प्रतिवर्ष करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति बनाने वाले भट्ठा दलालों पर अब मात्र आयकर विभाग ही कार्यवाही करने में सक्षम हो सकता हैं। दलालों की सम्पत्ती की जांच की जाय तो शासन को करोड़ो की बेहोसब सम्पत्ती का पता चल सकता है।

## एक नजर

### मई माह का राशन उठाने से छुटे उपभोक्ताओं को 7 जून तक मौका

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राज्य शासन द्वारा महासमुंद जिले के अंतर्गत संचालित समस्त उचित मूल्य की दुकानों में संलग्न राशनकार्डधारी जो किसी कारणवश माह मई में ई-पॉश मशीन के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर पाये हैं तथा खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित हो गए हैं, ऐसे समस्त राशन कार्डधारियों की माह मई के खाद्यान्न वितरण की पात्रता 7 जून तक वृद्धि कर दी गई है। जो राशनकार्डधारी माह मई का राशन उठाव अब तक नहीं कर पाए हैं, वे इस माह की 7 तारीख तक पूर्व माह मई के खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं। इस संबंध में शासन द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों के ई-पॉश मशीन में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध करा दिया गया है।

### उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन की तिथि 09 जून तक

जोहार छत्तीसगढ़=महासमुंद।

सरायपाली अनुविभाग के अंतर्गत 11 ग्राम पंचायतों छिबर्रा, खैरझिटकी, अंतरझोला, कलेंडा, माधोपाली, गोहेरापाली, अंतर्ला, कसडोल, लिमगॉव, परसकोल एवं जलपुर में नवीन उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों में जो उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक है, समितियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्था विहित प्रारूप एक में अपना आवेदन 9 जून 2022 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सरायपाली में कार्यालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पीएटी एवं पीव्हीटी परीक्षा 5 जून को बेमेतरा में बनाये गये तीन केन्द्र, 1072 परीक्षार्थी होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम रायपुर द्वारा रविवार 5 जून 2022 को पीएटी पीहीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 से 12:15 बजे तक आयोजित है। जिला बेमेतरा अंतर्गत उक्त परीक्षा में कुल 1072 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिला मुख्यालय बेमेतरा में यह परीक्षा तीन केन्द्रों में संचालित होगी। सुविधा की दृष्टि से पीसीबी प्लस पीसीएम ग्रुप के परीक्षार्थियों हेतु लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा तथा शासकीय कन्या उ मा विद्यालय बेमेतरा को एवं एजी ग्रुप के परीक्षार्थियों हेतु शास पं जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा इस प्रकार कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान ने उक्त परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना को नोडल अधिकारी एवं आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार बेमेतरा को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पृथक-पृथक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को मास्क लगाना अनिवार्य है एवं अपने साथ हैण्ड सैनिटाइजर की छोटी पारदर्शी बॉटल रख सकते हैं। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों को भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के संबंध में जारी अद्यतन निर्देशों का पालन अनिवार्य है। परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्रों में अपना एडमिट कार्ड तथा मूल पहचान पत्र जैसे-आधार कार्ड, वोटर आईडी, पेन कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस अथवा व्यापम के निर्देशानुसार अन्य आईडी प्रूफ सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। मूल प्रति के अभाव में अथवा परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट पश्चात् प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

# सीतापुर विकासखंड में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न




जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा का तीन दिवसीय संकुल स्तरीय प्रशिक्षण सीतापुर विकासखंड के सभी 30 संकुलों में 30 मई 22 व 31 मई 22 एवं 2 जून 22 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ के पूर्व इस तीन दिवसीय संकुल स्तरीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा के प्रशिक्षण में सीतापुर के लगभग 30 संकुलों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीतापुर मिथिलेश सिंह सेंगर व एबीईओ महेश सोनी ने दौरा कर संस्था प्रमुखों व उपस्थित सभी शिक्षकों को नए शिक्षा सत्र में समय पर स्वयं के उपस्थिति का ध्यान रखते हुए पूरी ऊर्जा व ईमानदारी के साथ शाला संचालन करने व बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की नसीहत दी। विकास खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश सेंगर ने कहा कि उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर आप सभी अपने-अपने संकुलों व स्कूलों के बच्चों के साथ साथ समाज व समुदाय के सदस्यों को भी इस प्रशिक्षण के अवगत करा जागरूक करें जिससे वे भी आत्म सुरक्षा के उपायों से परिचित हो अपनी व दूसरे की सुरक्षा कर सके। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश सोनी ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको का मूल कार्य है बच्चों को पढ़ाना व बच्चों का सर्वांगीण विकास करना इसी पर अपना ध्यान केंद्रित कर हमेशा कार्य करे। तभी हम समाज मे अपना पुराना गौरव पुन: प्राप्त कर सकते हैं। बीआरसी रमेश सिंह व बीपीओ प्रेम गुप्ता ने भी कई संकुलों का दौरा कर संकुल में चल रहे प्रशिक्षण में शिक्षकों को समय पर उपस्थिति व अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति सचेत करते हुए नए शिक्षा सत्र में सभी बच्चों को प्रवेशित करने पर जोड़ दिए। सीतापुर विकासखंड के सभी 30 संकुलों में हुए मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा व व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रशिक्षण को संकुल समन्वयक व मास्टर ट्रेनर शिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। बीईओ सेंगर ने नए शिक्षा सत्र के प्रारम्भ के पूर्व स्कूलों में कसावट लाने व विभागीय कार्यो की समीक्षा करने हेतु सीतापुर विकास खण्ड के सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओ के संस्था प्रमुखों व सभी संकुल समन्वयकों की बड़ी बैठक शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सीतापुर के सभाकक्ष में 14 जून 22 को प्रथम चरण में 15 संकुलों का 10 बजे से 01 बजे तक व द्वितीय चरण में 15 संकुलों का 1.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित की है जिसमे सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू के विरुद्ध शिकायत में प्रधानमंत्री कार्यलय ने लिया संज्ञान

## शिकायतकर्ता प्रीतम सिन्हा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



प्रीतम सिन्हा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री को सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन द्वारा करोड़ों रूपये के कार्य में ठेकेदार के साथ मिल कर पद का दुरूपयोग कर फर्जी बिल वाउचर, कूटरचना, साजिश, मनमानी, अनैतिक लाभ गुणवत्ताहीन कार्य कर करोड़ों रूपये की अनियमितता कर शासन को राजस्व हानि पहुंचाने के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही करने की शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत में जल संसाधन संभाग गरियाबंद छग शासन के अधीनस्थ पैरी परियोजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्य लागत रूपये 44 करोड़ के कार्य पैरी दायी मुख्य नहर लाइनिंग कार्य 6477 से 36900 मीटर और फिं गेश्वर डिस्ट्रीब्यूटारी मासूल के पहले 1524 मीटर और मासूल के बाद 1524 मीटर से 48371 मीटर एवं शेष मरम्मत कार्य 26 मई 2020 मेसर्स अशोक कुमार मित्तल, क्लास ठेकेदार को 2020-21 एवं 26मई 2020 को अनुबंध हुआ है। शासन द्वारा अनुबंधकर्ता और विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर खास मुख्तारनामा तैयार कर अनिल सिंह चंदेल आत्मज निवासी रायपुर के नाम पर 15 जून 2021 को कार्य से संबंधित समस्त अधिकार प्रदत्त करते हुए खास मुख्तारनामा में दर्ज कर कार्य सुपुर्द किया गया अनिल सिंह चंदेल द्वारा उक्त स्वीकृत कार्य की समस्त जिम्मेदारी प्रदाय होने के उपरांत प्रशासकीय अधिकारी के साथ आत्मीय संबंध के चलते विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर गुणवत्ताहीन कार्य, आर्थिक भ्रष्टाचार एवं कूटरचना का शासन को करोड़ों की हानि पहुंचाई है। चूंकि सुब्रत साहू स्वयं छत्तीसगढ़ शासन में अपर मुख्य सचिव पद कार्यरत रहे थे, सुब्रत साहू द्वारा अनिल सिंह चंदेल से संबंधों के चलते नियम विरूद्ध अनैतिक कार्य, भ्रष्टाचार, गुणवत्ताहीन कार्य पर भी फ र्जी बिल वाउचर के माध्यम से करोड़ों का आर्थिक लाभ पहुंचाया गया।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की पूर्ति के लिए हुआ वॉक इन इंटरव्यू

## 15 विषय पर साक्षात्कार के लिए पहुंचे 800 अभ्यर्थी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



स्थानीय प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जिला महासमुंद की भोरिंग में संचालित है उक्त संस्था में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा देकर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इस तरह अध्यापन हेतु विषयवार शिक्षकों की आवश्यकता होने के फ ल स्वरुप 1 जून 2022 एवं 2 जून 2022 को वॉक इन इंटरव्यू हेतु अभ्यर्थियों को बुलाया गया था 1 जून 22 को व्याख्याता पद हेतु अभ्यर्थियों को बुलाया गया तथा 2 जून 2022 को शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों को बुलाया गया उक्त दोनों दिवस में लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए। उक्त संस्था में कुल 15 विषय हेतु साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य किया गया। अभ्यार्थियों का चयन उनके योग्यता के आधार पर प्राप्तांको जो कि उनके विशेष योग्यता एवं अनुभव आदि के आधार पर चयन किया जाना है। महासमुंद कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशन एवं आदिवासी विभाग के आयुक्त एलआर कुर्रे के मार्गदर्शन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्राचार्य तुलेंद्र कुमार सागर को नियुक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में एससी प्रधान प्राचार्य, भरत साहू, महेश ध्रुव, विकास कुमार साहू, परस सिन्हा, गणेश कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, तोरण ध्रुव, राजेश्वर चंद्राकर, शशि साहू, निलेश खांडे, चित्र रेखा खांडे, नैना साहू, शोभना साहू सहित आदिवासी विकास विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# थाना भेजी क्षेत्र में सक्रिय महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




सुकमा जिले में सुन्दरराज पी पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर राजीव कुमार ठाकुर उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन कोंटा रेंज के मार्गदर्शन सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, नितीन कुमार कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन पर चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की श्पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे श्पूना नम अभियानश् नई सुबह नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सल संगठन से जुड़े 1 महिला नक्सली कवासी आयते कोंटा जनमिलिशिया सदस्या साकिन थाना भेजी क्षेत्र द्वारा गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किरण चव्हाण अति.पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। कवासी आयते को समर्पण कराने प्रोत्साहित करने में सहायक कमाण्डेन्ट सतीश सांगवान 219 वाहिनी सीआरपीएफ गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक नक्स आप्स कोंटा, रोहित शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंटा एवं निरीक्षक देवेन्द्र ठाकुर थाना प्रभारी भेजी, निरीक्षक शिवानंद थाना प्रभारी कोंटा का विशेष प्रयास रहा। आत्मसमर्पित महिला नक्सली को कोंटा जनमिलिशिया कमाण्डर सोड़ी गजेन्द्र द्वारा नक्सली संगठन में वर्ष 2019 में भर्ती कराया गया था संगठन में लगभग 4 माह एसीएम वेट्टी कन्नी के साथ, लगभग एक से डेढ़ वर्ष तक पोलमपल्ली, लओएस कमाण्डर वेट्टी भीमा के साथ कार्य बाद वापस कोंटा जनमिलिशिया में सदस्या के रूप में कोंटा पंचायत अन्तर्गत ग्राम बालनतोंग, गोमपाड़, भण्डारपदर, किंदरेलपाड़ के जनमिलिशिया कमाण्डर गजेन्द्र के साथ कार्य रही थी। आत्मसमर्पित महिला नक्सली थाना भेजी एवं कोंटा के क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रही। आत्मसमर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास योजना के तहत नियमानुसार प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधा प्रदाय किया जायेगा।

# एक पुलिस चौकी ऐसा भी जहां 21 साल तक कोई भी प्रभारी 1 साल भी नहीं टिका

## पहली बार धनेश तांडेकर ने तोड़ा रिकार्ड, ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।






जिले की सीमा से सटे बार क्षेत्र में बलौदा बाजार जिले की पुलिस चौकी बया में पदस्थ चौकी प्रभारी धनेश तांडेकर पहले ऐसे चौकी प्रभारी है जिन्होंने चौकी स्थापना के बाद एक वर्ष पूर्ण किया है। एक साल के कार्यकाल सफ लता पूर्वक पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी है। बया चौकी बलोदा बाजार जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित है बयां चौकी की स्थापना 2004 में की गई थी 21 साल के कार्यकाल में पुलिस चौकी बया में कोई भी प्रभारी 1 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया पुलिस चौकी में पदस्थ प्रभारी धनेश टाडेकर ने कुछ दिन पहले ही अपना 1 साल का कार्यकाल पूर्ण कर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। अपने कार्यकाल में उन्होंने नया पुलिस चौकी भवन का निर्माण करए पूरे चौकी प्रांगण में 50 से भी अधिक फ लदार व छायादार वृक्षों हेतु पौधरोपण, चौकी परिसर में प्याऊ स्थापना, बैरक निर्माण, चौकी समतलीकरण, मंदिर निर्माण सहित अनेकों कार्य करवाये है, अपने 1 साल के कार्य के दौरान उन्होंने शराब के कुल 80 प्रकरण, जुआ एक्ट के 6 प्रकरण बनाए जो की पूरे 21 साल में इतने अपराध दर्ज नहीं किए गए ग्राम छतआल डबरा मर्डर केस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य व मर्डर के आरोपी को पकड़ने के लिए प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया बया चौकी के अंतर्गत कुल 36 गांव आते हैं जिसमें से बयां चौकी से दूरी 55 किलोमीटर से अधिक है चौकी के अंतर्गत 36 गांव है जबकि जिले के बड़े-बड़े थाना में उतने गांव नहीं आते हैं। जबकि पूरा क्षेत्र जंगलों से घिरा होने के बाद भी उन्होंने अपना काम निष्ठा से किया हैं। चौकी क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र बार नावापारा, देव हिल्स सहित कई रिसोर्ट होने के बाद दी आए दिन वीआईपी अधिकारियों मंत्रियों का दौरा होने के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था के प्रति मुस्तैदी ड्यूटी दी गई चौकी प्रभारी से चर्चा पर उन्होंने बताया पुलिस चौकी चौकी के अंतर्गत ग्रामवासी सभी व्यवहार कुशल, मिलनसार हैं सभी का व्यवहार बहुत अच्छा है पुलिस का सहयोग भी करते हैं अपने 1 साल के कार्यकाल के लिए चौकी क्षेत्र के सभी ग्रामवासी सहित सभी जिला के पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# अमाड पंचायत के मनरेगा काम में भारी धांधली

## कुआं जेसीबी से तो वही भूमि सुधार कार्यों में मजदूरों के संख्या में हेराफेरी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**भ्रष्टाचार के चरम सीमा को लांघता अमाड पंचायत आहरण के बाद भी आहता निर्माण ना कराने के बाद अब मनरेगा के कार्यों में धांधली को लेकर चर्चा में आ गया है। इस पंचायत में मनरेगा के तहत 1 डबरी निर्माण 6 भूमि सुधार और 2कुंआ का काम चल रहा है।**



मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के बाद कामकाज का जिम्मेदारी पंचायत के सरपंच, अन्य पंचायत प्रतिनिधि के साथ*साथ मेट और जनपद कर्मचारी पर टिकी हुयी है। मनरेगा कामकाज के निरीक्षण की पूरी जिम्मेदारी जनपद पंचायत के तकनिकी सहायक के ऊपर है पर इस पंचायत में कामकाज के निरीक्षण व देखरेख के लिये ना तो कार्यस्थल मेट उपस्थित है और ना ही तकनिकी सहायक मौजूद रहते हैं कामकाज मजदूर भरोसे चल रहा है। ऐसे में मेट का मनमानी चल रहा है और कार्य पर 18 मजदूर काम कर रहे हैं उसे 34 मजदूर भरकर मस्टररोल तैयार किया जा रहा है। कार्य स्थल पर जनपद पंचायत का कोई जिम्मेदार उपस्थित नहीं होने के कारण मनरेगा कार्यों में भारी धांधली देखी जा रही है।

### कुआं का काम मजदूरों से नहीं जेसीबी से कराया

सरकार मनरेगा के तहत गांव में रोजगार मुहैया कराने स्वीकृत काम को जाबकार्ड धारियों से कराती है मगर ग्राम पंचायत अमाड ने तो हद पार कर लिया देवशन पिता डमरू के निजी कुआं को जेसीबी से खोदवाया है। मेट ने मस्टररोल में जेसीबी के जगह जाबकार्ड धारियों का नाम भर कर मुख्यालय में जमा भी कर दिया हालांकि ऐसा करने वाला यह पहला पंचायत नहीं है ब्लॉक के कई पंचायतों में यह खेल चल रहा है।

### पंचायत प्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्यों की हाजरी जरूरी होता है

अमाड में मनरेगा कार्यों में एक ऐसा नियम चल रहा है जिसमे प्रत्येक कार्य में पंचायत प्रतिनिधि या उनके परिवार के कम से कम दो सदस्यों का हाजरी बिना काम किये चढ़ाना जरूरी बन गया है। ऐसा नहीं करने पर पंचायत में काम भी नहीं करवाया जा सकता है। गांव में इस बात का भी जोरों से चर्चा है। मनरेगा के काम मे इसी पंचायत का वार्ड मेम्बर मेट का काम कर रहा है ऐसे में काला पीला छुपाने मस्टररोल में पंचायत प्रतिनिधियों का हाजरी चढ़ना भी जरूरी हो जाता है।

### गांव की नहीं फिर भी उनके नाम काम स्वीकृत

ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा के काम में कुछ ऐसे लोगों को भी लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिनकी शादी दूसरे गांव में हुयी है। पंचायत में चल रहे भूमि सुधार कार्यों में सरगीबहली के प्रियंका का और एक अन्य गांव की गंगावाली के नाम पर भी भूमि सुधार का काम स्वीकृत करवा लिया गया है। वही सुबुध्दी पिता रघु के भूमि सुधार में केवल परिवार के लोग ही काम कर रहे हैं और मस्टररोल में अन्य मजदूर का नाम चढ़ाने का आरोप भी है गांव वालों के अनुसार ऐसे फर्जी मस्टररोल के जरिये मनरेगा कार्यों में धांधली कर शासन को चुना लगाया जा रहा है।

### अधिकारी कहते हैं ऐसा करना गलत है जांचकर भुगतान रोकेगे

जब इस संबंध में प्रभारी पीईओ रविकुमार सोनवानी से बातचीत की तो उनका कहना है मनरेगा कार्यों में ऐसा करना नियम के विरूध्द है जांच करवाई जायेगी और गड़बड़ी पायी जायेगी तो भुगतान रोकने की कार्यवाही की जायेगी।

## एक नजर

### किसानों को ऋण माफी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिला दोहरा लाभ

किसान कबूतरीबाई और बंसीलाल ने बताई अपनी कहानी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



किसानों को ऋण माफी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत आदान सहायता राशि मिलने से दोहरा लाभ मिला है। बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बिशुनपुर से किसानिन कबूतरीबाई को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 70 हजार रुपये की राशि मिली है। इसके साथ ही वर्ष 2019 में उनका 13 हजार 382 रुपये कृषि ऋण भी माफ हुआ। कबूतरीबाई बताती हैं कि उन्होंने कुल 116 क्विंटल धान बेचा था जिसकी राशि 2.19 लाख रुपये खाते में मिले थे। इसी तरह बिशुनपुर के ही बंसीलाल भी कलेक्टर जनचौपाल के दौरान बताते हैं कि पिछले सीजन में 226 क्विंटल धान विक्रय से उन्हें कुल 1 लाख 36 हजार रुपए बोनस के रूप में प्राप्त हुए हैं, उन्होंने प्राप्त राशि का उपयोग खेती, बाड़ी, बच्चों के विवाह एवं बैल खरीदी में किया है। वहीं गांव के लखन यादव ने शर्मा को बताया कि ऋण माफी योजना की तहत उन्हें 1 लाख रुपए तक का ऋण माफ हुआ है।

### सात दिवसीय शरबत स्टाल का शुभारंभ समृद्धि विहार गेट के पास

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



आय दिनों दिन काफी तपन वाली भीषण गर्मी पड़ रही है, कामकाजी लोग लगातार सड़कों पर आते जाते दिख रहे हैं, गर्मी से निजात दिलाने समृद्धि विहार के जन सेवकों द्वारा एक छोटा सा प्रयास ठंडे शरबत की व्यवस्था समृद्धि विहार के गेट के पास स्टाल लगा कर किया गया है, इंस्टॉल में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक ठंडी शरबत मिल सकेगी, जिसके लिए समृद्धि विहार कॉलोनी के निवासियों ने प्रत्येक दिन सेवा भाव से स्टाल में रखें दोनों कंटेनर में शरबत की व्यवस्था करना बताया, वही स्टाल में दान बॉक्स भी रखा गया है, जिन्हें शक्कर या रसना पैकेट दान स्वरूप देना हो वो डिब्बे में सहयोग के रूप में दे सकता हैं, इस शरबत स्टॉल के संरक्षक समाजसेवी पुलिस भाई संदीप साहू ने बताया कि मेरे द्वारा जन सहयोग से थाना बेमेतरा के पास भी पियाऊ घर खोला गया है, जो उम्मीद से भी ज्यादा जन सहयोग के रूप में दान स्वरूप शक्कर, रसना पैकेट, दही आशीर्वाद स्वरूप प्राप्त हो रहा है, जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जनता का सहयोग यूं ही मिलता रहे भविष्य में और भी ए समाज हित कार्य जनता से मिलकर करना बताया, इस नेक शुभारंभ अवसर पर समृद्धि विहार से पर्मिला साहू, नीलम साहू, उमेश राजपूत, रूपेश पांडे, कमलेश साहू, डोमेंद्र पांडे, कुंजराम गेंडरे, अवधेश पटेल, संदीप यादव, ससांक भाई, मनोज शुक्ला, धर्मेंद्र देवांगन, पुलिस जवान समाज सेवक संदीप साहू, प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षक भर्तीः वॉक इन इन्टरव्यू सात को

**कोरबा** । जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2022- 23 के लिए अस्थायी रूप से हिन्दी/अंग्रेजी सीबीएसई पैटर्न पर शाला संचालन के लिए मानदेय पर अतिथि शिक्षको की भर्ती के लिए सात जून को वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन किया गया है। वॉक इन इन्टरव्यू के लिए आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास माया वारियर ने बताया कि जिले मे संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की कुल नौ पदों में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## सद्गुरु कबीर प्रगट संदेश यात्रा पहुंचा ग्राम नेवनारा यात्रा का किसान नेता के नेतृत्व में भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



सदगुरु कबीर प्रगट उत्सव एवं सद्भावना संदेश यात्रा ग्राम कबीर कुटी बेमेतरा किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि आज कबीर दास जी का सद्भावनाा संदेश यात्रा आज मेरे गृह ग्राम नेवनारा में पहुंचा है पुरे गांव के लोगों ने सदभावना संदेश यात्रा का भव्य स्वागत किया और महिला मंडली के लोगों ने भव्य कलश यात्रा निकालकर पुर गांव का भ्रमण किया और ये यात्रा सोंढ, बेरला कबीर आश्रम, बहेरा, मोहरेंगा, धौराभाठा, बिरोदा, गोता, माटरा, दारगांव, कोहड़िया, भिभौरी, पिरदा, बेमेतरा विधानसभा के लगभग चालीस गांव का भ्रमण करते हुये दुर्ग जिले के लिए रवाना होगा। सदभावना संदेश यात्रा के प्रमुख संत महंत लीलाधर जी साहेब, ने अपने संबोधन में कबीर साहेब के सदभावना यात्रा के बारे में और कबीर पंथ के संत साहेब श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब के संदेश को बहुत सरल ढंग से प्रवचन के माध्यम से सुनाया। और इस कार्यक्रम में महंत तुलसीदास साहेब जी के अथक प्रयास से कबीर पंथ बेरला क्षेत्र के अध्यक्ष तखतराम साहूख सुशील कुमार साहू सोंढ वाले अपने समय देकर बेमेतरा के अधिक से अधिक गांव में संदेश सदगुरु कबीर सद्भावना यात्रा को लेकर जा रहे हैं। और संबोधन के दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा हम सब के लिए ये संदेश यात्रा सुखदमय है साहेब के आशिर्वाद हम सभी जीवों के ऊपर सदा बरसते रहे। साहेब बंदगी साहेब और ऐसा ही संदेश के माध्यम से आपसी प्रेम और भाईचारा बना रहे और कबीर साहेब का सदा आशीर्वाद बना रहे आज के कार्यक्रम सुशील कुमार साहू, भकला राम साहू, कमल साहू, शालिक साहू, उत्तम साहू, भीखम साहू, रामेश्वर देवांगन, मनोज साहू, उदयराम साहू, जितेन्द्र साहू, दऊराम साहू, बल्ला साहू, रामनारायण साहू, संतोष साहू, लखण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, संरपच प्रमिला साहु सहित सैकड़ों के तादाद में महिला मंडली के सदस्य और गांववासी उपस्थित थे।

## बिशुनपुर में पीडीएस दुकान तथा आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को विकासखण्ड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बिशुनपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने स्टॉक का अवलोकन किया और पीडीएस के नियमित संचालन की जानकारी की राशन लेने आए लोगों से भी पुष्टि की। उन्होंने यहां संचालक समूह से बात कर उन्हें हितग्राहियों को लौटाने के लिए चिल्हर की उपलब्धता बनाये रखने निर्देशित किया और चिल्हर ना होने पर छोटी-मोटी घरेलू उपयोग की सामग्री रखने कहा। यहीं कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता से कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने अपने सान बालक सत्यम का वजन मापन करवाया। कलेक्टर शर्मा ने केंद्र में अण्डा वितरण की जानकारी ली तथा भोजन की गुणवत्ता की जांच की। कलेक्टर शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र एवं स्वामी आतमानन्द वाचनालय का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समुदायिक शौचालय स्थित दुकान में राशन दुकान का संचालन कर रहीं नेहा ने कलेक्टर को बतायी अपनी सफलता की कहानी। बिशुनपुर के समुदायिक शौचालय में स्व सहायता समूह को आबंटित दुकान में महिलाओं द्वारा राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। समूह की महिला नेहा राजवाड़े ने बताया कि दुकान में आवश्यकता की सभी सामग्री रखी गई हैं जिससे हमें थोड़े समय मे ही अच्छा लाभ मिल रहा है जिससे सभी महिलाएं बहुत खुश है।

## कलेक्टर साहू की पहल से लाभान्वित हो रहे लोग

नि :शुल्क बीपी, शुगर जांच कैम्प का हुआ आयोजन

**कोरबा** । कलेक्टर रानू साहू की नागरिकों में गैर संचारी रोग बीपी-शुगर की जांच कर बीमारी बढने से पहले मरीजो का ईलाज सुनिश्चित करने की पहल से जिलेवासी लाभान्वित हो रहे है। निःशुल्क बीपी, शुगर जांच कैम्प का आयोजन जिले में किया गया। इस शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगो की बीपी और शुगर की जांच की गई। लोगो के जांच करने के पश्चात् बीपी, शुगर की पुष्टि होने वाले मरीजो को आवश्यक दवाईयां भी निःशुल्क में प्रदान की गई। साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सलाह भी लोगो को दी जा गई। जांच शिविरो में नागरिकगण उत्साह के साथ बीपी, शुगर की जांच कराने पहुंचे। कलेक्टर साहू सहित जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने एनसीडी कैम्पों का निरीक्षण कर शिविर के सफ्ल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान किया।

## खिलोरा में हुआ राजस्व शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कल विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत खिलोरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प.ह.न. 31, 32 व 33 के अन्तर्गत शामिल गांवों के कृषकों से आवेदन लिए गये तथा योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में अविवादित, नामांतरण के 10 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा द्वितीय प्रति किसान-किताब का वितरण किया गया। फौती नामांतरण के 3 प्रकरण प्रक्रिया में लिया गया। ग्राम फरी के कृषक श्रवण पिता कपिल को आवेदन प्राप्ति के आधे घण्टे के भीतर द्वितीय प्रति किसान-किताब प्रदाय किया गया। इस पर कृषक द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया। राजस्व शिविर में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार राजकुमार मरावी, पटवारी सुरेश वर्मा, रश्मि वर्मा एवं पंचायत विभाग से सचिव, सरपंच, कृषि विस्तार अधिकारी, पीएचई से मेकेनिक, खाद्य निरीक्षक एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आश्वासन के बाद भी नहीं मिला मुआवजा, आंदोलन को मजबूर हुए किसान

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




विकासखंड भरतपुर में जनकपुर से कोटाडोल मार्ग निर्माण में जमीन का मुआवजा नहीं दिए जाने से नाराज किसानों ने चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने दो महीने का आश्वासन दिया था कि मुआवजा दिया जाएगा लेकिन आज तक कोई राशि नहीं मिला। जनकपुर कोटाडोल सड़क चौड़ी वर्ष 2010 में करवाया गया था। जहां सड़क चौड़ीकरण के समय 415 किसानों की जमीन अधिग्रहण की गई थी, लेकिन पूरे 12 साल बीत जाने के बावजूद भी किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया। इस मामले को लेकर किसानों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया। लेकिन हर बार कि आश्वासन ही मिला। लेकिन उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला। मार्च में जब किसानों ने धरना प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया था, तब पीडब्ल्यूडी ने किसानों को आश्वासन दिया था कि दो महीने में मुआवजे कि राशि दिला दी जाएगी, लेकिन जब उन्हें लगा कि उनके साथ छलावा किया जा रहा है तो, किसानों के सब्र का बांध टूट गया, और आक्रोशित किसानों ने भगवानपुर के पास चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि इस बार आश्वासन नहीं मुआवजा दिया जाए, अन्यथा यह चक्का जाम अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

### जमीन मुआवजा की राशि प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लंबित है

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस तरह का बयान दोहराते हुए 12 साल बीत चुके हैं, लेकिन मंत्रालय में दस्तावेज जमा होने के बावजूद प्रशासनिक, स्वीकृति आज तक नहीं मिला। पीडब्ल्यूडी भी बस रटा रटाया जवाब दे रहा है कि मंत्रालय से स्वीकृति मिल जाएगी वैसे ही किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। आखिर एक पार्टी की सत्ता आई और पूरा कर चली गई, वही नई सरकार बनाने के बाद भी फाईल लटका हुआ है।

## एसडीओ फारेस्ट ने टीम के साथ एनएच 130 के मार्किंग वृक्षों के कटाई का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



एनएच 130 के चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है मदांगमुडा से ओडिशा सीमा खुटगांव तक वन परिक्षेत्र इंदागांव देवभोग के अंतर्गत आता है सड़क किनारे लगे वृक्षों की कटाई का काम वन विभाग देख रही है। मदांगमुडा से ओडिशा सीमा तक हजारों वृक्ष लगाये गये थे राष्ट्रीय राजमार्ग ने इन वृक्षों के कटाई के लिये वन विभाग को चिट्ठी लिख कटाई करने के लिये कहा था। वनपरिक्षेत्र इंदागांव देवभोग के उपवन मण्डलाधिकारी राजेन्द्र कुमार सोरी ने मदांगमूडा से ओडिशा सीमा का दौराकर सड़क किनारे लगे वृक्षों का निरीक्षण कर वन कर्मियों तथा सुरक्षा श्रमिकों को कटे लकड़ियों के रखाव और डिपो तक पहुंचाये जाने के आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ परिक्षेत्र अधिकारी नागराज मण्डावी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चंद्र पात्र और एडी मुरचुलिया भी मौजूद थे।

### वनधन केन्द्र का निरीक्षण कर जल्द पूर्ण करने के निर्देश

लघु वनोपज के अंतर्गत फ ोकटपारा मे बन रहे लाख के लागत वाले वनधन केन्द्र का भी निरीक्षण किया। वही ठेकेदारी से बन रहे केन्द्र भवन को जल्द पूरे करने के भी निर्देश दिये हैं। बता दे कि इस वर्ष वन विभाग महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से लघु वनोपज के अंतर्गत महुआ, इमली सहित अन्य वनोपज की बम्फर खरीदी कर रही है और केन्द्र भवन के पूर्ण नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क किनारे के पेड़ की कटाई विभाग को खल रहा

निरीक्षण के दरम्यान एसएफएस राजेन्द्र सोरी और सीएफओ दिनेश चंद्र पात्र ने कहा एनएच 130 सड़क के दोनों किनारे वृक्षों के कारण गर्मी के दिनों पथिकों को राहत मिलता था पर एनएच 130 चौड़ीकरण में सारे वृक्ष कट जायेंगे जिसके चलते अब सडक पर पथिकों को छांव मिलना दुभर हो जायेगा। वन विभाग पेड़ की कटाई करने मजबूर है। सोरी ने ये भी कहा सड़क के किनारे के वृक्षों की कटाई विभाग को खल रहा है।

## शोभिता धूलिपाला मेजर की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं



मेड इन हेवन – सीजन 1 में नजर आ चुकीं अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला पास कई प्रोजेक्ट है, जिनमें वह नजर आने वाली हैं। शोभिता के लिए 2022 स्पष्ट रूप से एक दिलचस्प वर्ष है क्योंकि उनके पास मेजर सहित कई आकर्षक परियोजनाएं हैं। शोभिता धूलिपाला कहती हैं कि यह सप्ताह वास्तव में मेरे लिए बहुत खास है, न केवल इसलिए कि यह मेरा जन्मदिन सप्ताह है, बल्कि इसलिए भी कि 3 जून को मेरी फिल्म मेजर रिलीज हो रही है, साथ ही, मैं दो और रोमांचक परियोजनाओं के लिए तैयारी कर रही हूं।

उन्होंने कहा कि हैदराबाद में मणिरत्नम सर की पोन्नियिन सेलवन के लिए डबिंग करते समय, मैंने सोचा कि मैं इसे आपके साथ साझा करूंगी। मुझे खुशी है कि इस तरह के शानदार अवसर मुझे मिल रहे हैं। मेरी कई आगामी रिलीज के कारण, यह साल मेरे लिए महत्वपूर्ण है।

## आश्रम 3 के ट्रेलर के बाद त्रिधा चौधरी के लुक्स ने बढ़ाया पारा



हम जानते हैं कि इस समय आश्रम 3 काफी सुर्ख़ियो में हैं। इस वेब सिरीज़ का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। बताया जा रहा है कि इस सिरीज़ का तीसरा सीज़न बेहद ही खास होने वाला है। जिसकी हर तरफ चर्चा भी हो रही है। बॉबी देओल ही इसमें लीड किरदार में नज़र आ रहे हैं। वहीं इसमें ज़्यादातर वही किरदरा हैं जो पिछले सीज़न में भी नज़र आ चुके हैं।

त्रिधा चौधरी भी सिरीज़ के हरेक सीजन में नज़र आई हैं। वहीं आश्रम 3 के ट्रेलर में भी त्रिधा को देखा जा सकता है। हालांकि ट्रेलर में त्रिधा की सिर्फ झलक देखने को ही मिली है। लेकिन अब त्रिधा के लुक्स भी सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहे हैं। हर तरफ त्रिधा की खूबसूरती की चर्चा भी हो रही है। वहीं उनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं

आश्रम 3 अब जल्द ही दर्शकों के लिए रिलीज़ होने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो ये वेब सिरीज़ 3 जून को रिलीज़ होने वाली है और अब दर्शक भी इस सिरीज़ को लेकर काफी उत्साहित नज़र आ रहे हैं। इस वेब सिरीज़ के बाकी दो पार्ट भी खूब पसंद किए गए। वहीं इस बार भी त्रिधा चौधरी सिरीज़ में नज़र आने वाली हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि इस बारा भी त्रिधा अपनी हॉटनेस से सिरीज़ में तड़का लगाने वाली हैं।

## इंटरनेट पर रेड कलर की रिवीलिंग गाउन में छाई जैस्मिन भसीन



टीवी जगत की जानी मानी मशहूर अभिनेत्री जैस्मिन भसीन आज किसी भी परिचय की मोहताज नहीं रह गई हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 14 का भाग बनने के बाद से ही वह बहुत सुर्ख़ियों में रहने लगी हैं। उन्होंने केवल अपने अभिनय ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश अंदाज तथा कातिलाना अदाओं से भी प्रशंसकों को दीवाना बनाया है। वहीं, दूसरी तरफ जैस्मिन भसीन सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहती हैं।

जैस्मिन भसीन का प्रत्येक अंदाज उनके प्रशंसकों को दीवाना बना देता है। ऐसे में जैस्मिन अपने नए लुक्स से प्रशंसकों को रूबरू करवाती रहती हैं। हालांकि इन दिनों जैस्मिन भसीन अली गोनी संग अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसी बीच जैस्मिन भसीन ने अपने नए फोटोशूट की एक झलक प्रशंसकों के साथ साझा की है। फैंस के लिए अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की इन फोटोज से नजरें हटाना मुश्किल हो गया है। हाल ही में जैस्मिन भसीन अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ फोटोज साझा की हैं। इनमें उन्हें रेड कलर का रिवीलिंग गाउन पहने देखा जा सकता है। इस फोटोशूट में जैस्मिन भसीन बहुत हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं। पोस्ट साझा करते हुए जैस्मिन ने कैप्शन में लिखा, रेड वेलवेट केक। लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने लाइट मेकअप किया है तथा बालों को खुला छोड़ा हुआ है। जैस्मिन भसीन की इन तस्वीरों को देख उनके फैंस दीवाने हो रहे है।

## समलैंगिक चरित्र का किरदार निभाकर खुश हैं अभिनेता वरुण जोशी

टीवी अभिनेता वरुण जोशी, जिन्हें पहले कुंडली भाग्य, कुमकुम भाग्य और ये है मोहब्बतें जैसे टीवी शो में देखा गया था। अब अभिनेता आगामी फिल्म शशांक में एक समलैंगिक चरित्र का किरदार निभा रहें है जिसको लेकर वो काफी खुश हैं।

अभिनेता कहते हैं, मैं ऑनस्क्रीन समलैंगिक किरदार निभाने के लिए उत्साहित और गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि वे पृथ्वी पर सबसे रचनात्मक और दयालु आत्माएं हैं। मैं उन्हें हास्य पात्रों के रूप में दिखाने और हमारे समाज में उनकी जीवन शैली को चुनौती देने के सिद्धांत के खिलाफ हूं। मुझे लगता है कि फिल्में और शो हमारे समाज के लोगों को तीसरे लिंग का सम्मान करने के लिए शिक्षित करने का एक बड़ा माध्यम हो सकते हैं। वरुण अपनी भूमिका के बारे में कहते हैं, मैं फिल्म में एक समलैंगिक का एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा हूं।

## हिचकी का मतलब याद आना नहीं, ये होती है असल वजह, ऐसे लगाएं इस पर ब्रेक...



हमारे जब कभी हिचकी आती है तो बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि कोई याद कर रहा है। हालांकि इसका असल कारण कुछ और होता है। दरअसल हमारे शरीर में डायाफ्राम नामक मांसपेशी हृदय और फेफड़े को पेट से अलग करती है। ब्रीदिंग यानी श्वसन में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जब इसमें कॉन्ट्रैक्शन अर्थात संकुचन होता है तब हमारे फेफड़ों में हवा के लिए जगह बनती है। जब डायफ्राम मांसपेशी का संकुचन अचानक बार-बार होने लगता है तो हमें हिचकी आने लगती है। हिचकी के समय जो आवाज़ आती है वह ग्लोटिस (वोकल कॉर्ड्स के बीच की ओपनिंग, जिसे कंठद्वार कहा जाता है) के जल्दी-जल्दी बंद होने के चलते आती है। क्यों आती है हिचकी?

वैसे तो हिचकी आने का एग्ज़ैक्ट कारण बता पाना संभव नहीं है, पर इसके कुछ आम कारण हैं :—

- ज़रूरत से ज़्यादा खाना खा लेना। बहुत ज़्यादा तीखा या मसालेदार खाना या जल्दबाज़ी में खाना।
- अल्कोहल या एरेटेड ड्रिंक्स पीना। स्मोकिंग करना।
- तनाव, घबराहट, अतिउत्साह आदि के चलते भी कभी-कभी हिचकी आने लगती है।
- हवा के तापमान में अचानक बदलाव आने से हिचकी का दौर शुरू हो सकता है।

कैसे मिले हिचकी से राहत?

वैसे तो हिचकी कुछ देर बाद अपने आप ठीक हो जाती है, पर यदि ज़्यादा समय तक यह बनी रहे तो राहत के लिए ये घरेलू नुस्ख़े कारगर साबित होते रहे हैं।

## गर्मियों में शहतूत खाने से महिलाओं की ये समस्याएं होंगी दूर, रोजाना करें सेवन

शहतूत गर्मियों के मौसम में पाया जाने वाला फल है जो स्वाद में खट्टा मीठा होता हैं , आपको बता दे इसका सेवन करने से सेहत को कई सारे फायदे होते हैं. सबसे पहले शहतूत की खेती चीन में हुई थी लेकिन अब दुनिया भर में इसकी खेती होती है. ये कई रंगों में पाया जाता है जैसे काला , नीला या लाल. शहतूत सिर्फ खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होता बल्कि बेहद पौष्टिक भी होता है इसमें अच्छी मात्रा में विटामिन , पोटेशियम, आयरन , कैल्शियम आदि पाए जाते है जो शरीर के लिए लाभकारी है. लेकिन यह फल महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि



शहतूत खाने से महिलाओं को क्या फायदा होता है.

### शहतूत खाने से महिलाओं को फायदे

अक्सर महिलाओं में आयरन की कमी होती है.ऐसे में उन्हें एनेमिया की शिकायत रहती है, ज्यादातर ये समस्या उन्हे प्रेगनेंसी के दौरान या उसके बाद होती है ऐसे में शहतूत का सेवन करना लाभकारी रहेगा क्योंकि इसमें आयरन की मात्रा अधिक होती है साथ ही में इसमें विटामिन भी पाया जाता है जो एनीमिया को कम करता है.

### हड्डीयों के लिए कारगर

महिलाओं में 30 की उम्र के बाद कैल्शियम की कमी हो जाती है ऐसे में शहतूत फायदेमंद होता है ये हड्डियो और जोड़ों के दर्द को दूर करने में मदद करता है. ये कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन का अच्छा सोर्स है जो हड्डियों और मांसपेशियों की दर्द को ठीक करता है और काफी कारगर होता है.

### वजन घटाने में कारगर

काफी महिलाएं अपने वजन को लेकर कॉन्शियस रहती है ऐसे में वे अपने हेल्थ को लेकर है कुछ न कुछ करती रहतीं हैं जैसे एक्सरसाइज करना , डाइटिंग करना आदि जिससे उनका वेट लॉस हो पाए. ऐसे में शहतूत काफी फायदेमंद रहता है।



## आईपीएल प्रति मैच वैल्यू दोगुनी होकर 100 करोड़ पार होने की उम्मीद

आईपीएल और बीसीसीआई एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, आईपीएल के नए मीडिया राइट्स की ई-नीलामी के बाद आईपीएल की प्रति मैच वैल्यू 100 करोड़ पार पहुंचने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो आईपीएल दुनिया की दूसरी सबसे महंगी स्पोर्टिंग प्रॉपर्टी बन जाएगी।




आईपीएल प्रति मैच वैल्यू में प्रीमियर लीग और मेजर लीग बेसबॉल को पीछे छोड़ देगी। पिछली बार 2018 से 2022 तक के मीडिया राइट्स 16,348 करोड़ रुपए में खरीदे थे।

### 2023 से 2027 तक दिए जाएंगे मीडिया राइट्स

2023 से 2027 तक के मीडिया राइट्स के लिए बोर्ड ने बेस प्राइज 32,890 करोड़ रु. रखा है। टीवी राइट्स के लिए बेस प्राइज 49 करोड़ प्रति मैच है जबकि डिजिटल राइट्स 33 करोड़ प्रति मैच है। स्पोर्ट्स मीडिया राइट्स एक्सपर्ट्स बताते हैं, 'प्रति मैच टीवी राइट्स में 20-25त्न का इजाफा होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन डिजिटल राइट्स के पैकेज में बढ़ोतरी हो सकती है। अनुमान के हिसाब से सब मिलाकर वैल्यू 115-120 करोड़ प्रति मैच पहुंच सकती है।' अभी, अमेरिका की एनएफएल को सबसे महंगी स्पोर्ट्स प्रॉपर्टी माना जाता है। एनएफएल में प्रति मैच वैल्यू 134 करोड़ रु. है। वहीं, प्रीमियर लीग में प्रति मैच वैल्यू 81 करोड़ रु. है।

## परिणय सूत्र में बंधे दीपक चाहर, जया संग लिये सात फेरे

**आगरा ।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यम तेज गेंदबाज दीपक चाहर बीती शाम अपनी मंगेतर जया भारद्वाज के साथ यहां एक पंचतारा होटल में सात फेरे लिये।

आगरा के निवासी चाहर दूल्हे के लिबास में सज-धज कर घोड़ी पर सवार होकर बैंड बाजे के साथ बारात लेकर होटल में पहुंचे। बारात रात करीब नौ बजे होटल पहुंची। दीपक के मंच पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही जया भारद्वाज भी दुल्हन के लिबास में नजर आईं। मंच पर जयमाल की रस्म अदायगी पूरी की गई। इसके बाद दोनों ने सात फेरे लिए।

जया भारद्वाज एमबीए करने के बाद दिल्ली में एक टेलीकॉम कंपनी में डिजिटल प्लेटफार्म हैड के रूप में कार्यरत हैं। जया के भाई



सिद्धार्थ बिग बॉस-5 में आ चुके हैं। दीपक चाहर और जया भारद्वाज की मुलाकात दीपक की बहन मालती ने करवाई थी। मालती चाहर एक्ट्रेस और मॉडल हैं। इससे पहले आज दिन में होटल में हल्दी की रस्म हुई जिसमें दीपक चाहर और जया ने जमकर मस्ती की। रस्म के दौरान जब दोनों को हल्दी लगाई जा रही थी तब भी दीपक और जया बैठे ही बैठे डांस कर रहे थे।

### एक नजर

## तैतीस वर्ष के सिलिच ने 33 ऐस लगाकर जीता फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल

**पेरिस ।** तैतीस वर्ष के मारिन सिलिच ने 33 ऐस लगाकर सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को चार घंटे दस मिनट तक चले मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया । क्रोएशिया के सिलिच ने एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब आठ साल पहले अमेरिकी ओपन के रूप में जीता था । उन्होंने 5 . 7, 6 . 3, 6 . 4, 3 . 6, 7 . 6 से जीत दर्ज की । सिलिच विम्बलडन 2017 और आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 के फाइनल में रोजर फेडरर से हारे थे । आखिरी बार वह चार साल पहले ही किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे थे । अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कास्पर रूड से होगा । दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को हराने वाले रफेल नडाल की टक्कर तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी । नॉर्वे के रूड ने डेनमार्क के 19 वर्ष के रूने को 6 . 1, 4 . 6, 7 . 6, 6 . 3 से मात दी ।



## कैंसर के खिलाफ लड़ाई में पेले ने परिवार के समर्थन की सराहना की

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी पेले ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए अपने परिवार के समर्थन की सराहना की।

पेले ने बुधवार को एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह परिवार के पांच सदस्यों से घिरे हुए 1970 विश्व कप ट्रॉफी को पकड़े हुए हैं।

81 वर्षीय दिग्गज ने फोटो के साथ एक संदेश में कहा, हमेशा की तरह हर छोटी जीत का जश्न मनाएं! मैंने परिवार से मुलाकात की और इस पल को आपके साथ साझा करने का फैसला किया।

रिपोर्ट के अनुसार, पेले इस समय साओ पाउलो में अपने घर पर आराम कर रहे हैं, पिछले साल सितंबर में उनकी सर्जरी की गई थी।

## आईएसएल : एफसी गोवा ने पहली टीम के 6 खिलाड़ियों के बाहर जाने की पुष्टि की

**मुंबई ।** एफसी गोवा ने 31 मई को अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद छह प्रथम टीम खिलाड़ियों जैसे इवान गोंजालेज, अल्बटरे नोगुएरा, अलेक्जेंडर रोमारियो जेसुराज, डायलन फॉक्स, एयरम कैबरेरा और क्रिस्टी डेविस के टीम से जाने की घोषणा की।

एफसी गोवा ने एक बयान में कहा, क्लब अपने पूरे कार्यकाल में उनके योगदान, प्यार और समर्थन के लिए सबको धन्यवाद देना चाहता है और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

गोंजालेज और नोगुएरा 2020 में एफसी गोवा में शामिल हुए और रोमारियो के साथ आईएसएल के 2020-21 और 2021-22 सीजन में क्लब का प्रतिनिधित्व किया, जिन्होंने एक साल पहले करार किए थे। फॉक्स और कैबरेरा 2021 में शामिल हुए थे और आईएसएल 2021-22 के लिए पहली टीम का हिस्सा थे। डेविस ने 2019 में देव टीम के साथ अनुबंध किया था।

## कोको गॉफ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए इगा स्विटेक से भिड़ेंगी

### रोहन बोपन्ना डब्ल्स के सेमीफाइनल में हारे

**पेरिस।** 18 साल की कोको ग्रॉफ फ्रेंच ओपन में विमेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्विटेक भी फाइनल में जगह बना ली हैं। दूसरी ओर, भारत के रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड्स के एम मिडेलकूप मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में हार गए हैं।




कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में इटली की मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेटों में 6-3-6-1 से शिकस्त दी। यह मुकाबला एक घंटा 28 मिनट तक चला। कोको गॉफ 18 साल बाद फ्रेंच ओपन फाइनल खेलने वाली यंगेस्ट वुमन प्लेयर बन गई हैं। इससे पहले 2004 में रूस की मारिया शारापोवा यंगेस्ट वुमन प्लेयर बनी थीं। तब मारिया विनर रही थीं।

### पहला ग्रैंड स्लैम जीतने उतरेंगी गॉफ

कोको गॉफ इस समय WTA वर्ल्ड रैंकिंग में 23वें नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने अब तक करियर में कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है। ऐसे में वह वर्ल्ड नंबर वन से वह अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए उतरेंगी।

### भारत-वेस्टइंडीज सीरीज का शेड्यूल जारी

## 17 दिनों में खेले जाएंगे 3 वनडे और 5 टी-20 मुकाबले, अमेरिका में भी खेले जाएंगे मैच

**मुंबई।** टीम इंडिया आने वाले तीन महीने बहुत व्यस्त रहने वाली है। उन्हें जून से अगस्त तक 15 टी-20, 6 वनडे मैच और एक टेस्ट मैच खेलने हैं। इस दौरान टीम इंडिया तीन देशों का दौरा करेगी और साउथ अफ्रीका की मेजबानी भी करेगी।

साउथ अफ्रीका के साथ पहला टी-20 मैच 9 जून को खेला जाना है। मुकाबले से ठीक पहले टीम इंडिया के वेस्टइंडीज दौरे का पूरा शेड्यूल घोषित किया गया है। जिसके अनुसार, टीम इंग्लैंड में आखिरी वनडे खेलने के बाद जुलाई महीने में वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी। जहां उसे 17 दिनों में 3 वनडे और 5 टी-20 मुकाबले खेलने हैं।




### अमेरिका में भी होंगे मुकाबले

वेस्टइंडीज सीरीज के दो टी-20 मुकाबले अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। ये दोनों मैच 6 और 7 अगस्त को होंगे। गुरुवार को जारी शेड्यूल के अनुसार, भारतीय टीम 22 जुलाई से 7 अगस्त के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका के दौरे पर रहेगी। वहां पहले 22 से 27 जुलाई तक तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। फिर 29 जुलाई से 7 अगस्त के बीच पांच टी-20 मुकाबले होंगे।

# आंदोलनरत स्थानीय अतिथि शिक्षक व मनरेगा कर्मियों से मिले नेता प्रतिपक्ष कौशिक

## समर्थन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के आँख-कान बंद, बनायेंगे दबाव



**जगदलपुर।** एक दिवसीय बस्तर प्रवास पर आये नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने आज दो महीने से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे स्थानीय अतिथि शिक्षकों व मनरेगा कर्मियों से कृषि उपज मण्डी पहुँच कर मुलाकात की व उनके आंदोलन का समर्थन किया।

बस्तर संभाग के 2100 स्थानीय अतिथि शिक्षक अपनी 9 सूत्रीय माँगों को लेकर दो महीने से लगातार अनिश्चितकालीन धरने पर लबैठे है,वहीं जिले के मनरेगा कर्मी भी नियमितिकरण की माँग को पूरा कराने लगातार आंदोलनरत है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने धरना स्थल में कहा कि प्रदेश सरकार आँख-कान बंद किये बैठी है, जिसे आंदोलन कर रहे शिक्षकों,कर्मियों की सुध ही नहीं है। उन्होंने आंदोलन का समर्थन करते हुए राज्य सरकार पर दबाव बनाने व विधानसभा में विषयों को रखने आश्वासन दिया।

नेताप्रतिपक्ष कौशिक के साथ धरना स्थल में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, भाजपा प्रदेश महामंत्री किरणदेव,पूर्व मंत्री लता उसेण्डी,जिलाअध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी,डा.सुभाऊ कश्यप,बैदूराम कश्यप,श्रीनिवास राव मद्दी,लच्छूराम कश्यप,योगेन्द्र पाण्डे,रामाश्रय सिंह,वेदप्रकाश पाण्डे,रजनीश पाणिग्रही,नरसिंह राव,मनोज पटेल आदि भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### विकास खंड स्तरीय शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण बीआरसी कोंडागांव में संपन्न



**कोंडागांव।** एससीईआरटी के दिशा निर्देश एवं डॉ सुषमा झा डाइट बस्तर ,राजेंद्र जोशी प्रशिक्षण प्रभारी डाइट बस्तर, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल , डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे ,सहायक परियोजना समन्वयक रूप सिंह सलाम के मार्गदर्शन दिनांक 01/06/2022 से 03/06 /2022 तक प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बीआरसी भवन कोंडागांव में खंड शिक्षा अधिकारी शंकर लाल मंडावी, खंड स्रोत समन्वयक रामलाल नेताम ,मास्टर ट्रेनर सतीश जाटव, मास्टर ट्रेनर चंद्रकांत ठाकुर तथा प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में आपदा एवं विपदा से जुड़े पहलू, शाला भ्रमण एवं प्रस्तुतीकरण ,शाला सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन समिति ,प्राथमिक सहायता सामग्री, जीवन रक्षक कौशल, मॉक ड्रिल ,वास कांसेप्ट ,बाल यौन दुराचार, पास्को एक्ट ,आगजनी एवं भूकंप से बचाव हेतु मॉकड्रिल कर जानकारी प्रदान किया गया !पास्को एक्ट के तहत बच्चों के खिलाफ हिंसा, बाल शोषण ,बच्चों पर क्रूरता, अपराध के प्रकार ,बच्चों को आत्महत्या करने के लिए उकसाना, सजा, शारीरिक सजा, मानसिक सजा, अपहरण, नशीली शराब ,मादक नशा या नशीली पदार्थ देना, यौन प्रताड़ना ,अश्लीलता ,बाल- विवाह ,बच्चों का अवैध व्यापार करना ,नाबालिक बच्चों को वेश्यावृत्ति के लिए प्रेरित करना, बाल श्रम ,बाल संरक्षण, कानूनी सेवाएं एवं इमरजेंसी हेल्प नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। समापन अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक रूपसिंग सलाम एवं प्रशिक्षण प्रभारी डाइट बस्तर राजेंद्र जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी के जीवन एवं छात्र छात्राओं के जीवन के लिए बहुत ही लाभदायक है ।यह प्रशिक्षण शाला में होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान करता है। इसलिए दुर्घटनाओं के पूर्व संपूर्ण सुविधा अपने विद्यालय मे सुनिश्चित करें।

# नवदंपत्ति के घर मितान बनकर पहुंचे संभागायुक्त डॉ अलंग, सौंपा विवाह प्रमाण-पत्र

### मितान योजना से एक दिन में तैयार हुआ प्रमाण-पत्र



**बिलासपुर ।** संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने आज मितान बनकर रायगढ़ निवासी अनुराग गुप्ता के निवास पहुंचे और उन्हें उनका विवाह प्रमाण-पत्र सौंपा। कलेक्टर श्री भीम सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे। इस अवसर पर उन्होंने नवयुगल दंपत्ति को आशीर्वाद व शुभकामनाएं भी दी। गौरतलब है कि अनुराग गुप्ता व सुमन मित्तल की हाल ही में शादी हुयी है। जिसका प्रमाण-पत्र उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से बनवाया है इसके लिए उन्होंने 01 जून को काल कर आवेदन किया और दूसरे दिन आज 2 जून को उनका प्रमाण-पत्र तैयार कर उन्हें सौंप दिया गया। इस अवसर पर नवयुगल अनुराग गुप्ता व सुमन मित्तल ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री मितान योजना से सिर्फ एक दिन में घर बैठे अपना विवाह प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ। उन्होंने इसे जीवन का एक यादगार अनुभव बताते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि संभागायुक्त सहित जिले के कलेक्टर और निगम आयुक्त खुद घर पहुंचकर उन्हें उनका विवाह प्रमाण-पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने कहा कि इस योजना के माध्यम से शासन लोगों को नागरिक सेवाएं उनके घर तक पहुंचाकर दे रही है, ताकि लोगों के समय व श्रम की बचत हो तथा वे सुविधाजनक तरीके से अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकें। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने की अपील की।

# पर्यावरण बचाने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने निकाली साइकिल जागरूकता रैली




**कोण्डागांव ।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय राज्य एनएसएस अधिकारी के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत शुक्रवार 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के अवसर प्राचार्य राज कुमार रामटेके के मार्गदर्शन में एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते जागरूकता रैली निकाली जो ग्राम जैतपुरी का भ्रमण कर स्कूल परिसर में समाप्त हुई राष्टीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने फिट इंडिया फ्रीडम फाइटर साइकिल रैली निकाल, स्वास्थ्य रक्षा, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी राष्टीय सेवा योजना बृजेश तिवारी ने साइकिल चलाने से होने वाले लाभों से स्वयं सेवकों को परिचित कराया। साइकिल चलाने से पेट्रोल की बचत तो होती ही है साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण भी होता है साइकिल चलाने से ब्रेन भी 15 से 20% अधिक तेजी से काम करता है।

# त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव की अधिसूचना जारी

### 28 को होगा मतदान

**गरियाबंद ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत 01 जनपद पंचायत सदस्यों, 03 सरपंचों तथा 31 पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन हेतु अनुसूची जारी कर दिया गया है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के संचालन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में निर्वाचन क्षेत्र जनपद पंचायत गरियाबंद हेतु तहसीलदार गरियाबंद को रिटर्निंग आफिसर व जनपद पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

# जिला चिकित्सालय में अब नियमित सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध

**गरियाबंद ।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदन करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला खनिज संस्थान से जिला चिकित्सालय गरियाबंद में रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना की गई हे, जिसेक द्वारा अब नियमित रूप से सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जायेगी। विदित हो कि जिले में रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ न होने के कारण पूर्व में व्यवस्था के तहत सप्ताह में केवल एक दिवस ही जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जा रही थी। अब रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ होने के पश्चात नियमित रूप से सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे की अब क्षेत्र की गर्भवती माताओं को एवं अन्य जटिल प्रकरणों में मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा का लाभ मिलेगा।

# साइकिल चलाना स्वास्थ्य को संजीवनी देने जैसा - सांसद साव

### एनवायकेएस ने विश्व साइकिल दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**बिलासपुर ।** विश्व साइकिल दिवस पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर द्वारा रतनपुर मंदिर परिसर के पार्किंग ग्राउंड में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के मुख्य अतिथि बिलासपुर के सांसद अरुण साव रहे। अध्यक्षता बेलतरा विधायक रजनीश सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के बतौर नगर पंचायत अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, वार्ड पार्षद सुनीता माणिकपुरी व राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी समरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम के आरंभ में रतनपुर के युवा मंडल के सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को अतिथियों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके बाद द्वीप प्रज्वलित कर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि सांसद अरुण साव ने कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों को फिटनेस के प्रति सचेत करने की दिशा तत्परता से कार्य कर रही है। इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से कहा कि आप फिटनेस के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। सामान्य व्यक्ति के लिए साइकिलिंग से बढ़िया कोई एक्सरसाइज नहीं है। विदेश के लोगों द्वारा भी इसे अपनाया जा रहा है। दुनिया के कई विकसित देशों में तो लोग कार छोड़ कर शौकिया तौर पर साइकिल चला रहे हैं। उन्होंने कोरोना का उदाहरण देते हुए बताया कि जो लोग शारीरिक तौर पर ज्यादा सक्रिय होते हैं उन्हें बीमारियों का कम सामना करना पड़ता है।

# बीस साल पहले पिता की आंख फोड़ने का बदला लेने के लिए बेटे ने की हत्या




**बिलासपुर ।** घुटकू में रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह घायल मिले दैजा की सरपंच के पति की अस्पताल में मौत हो गई है। इसके बाद पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में गांव के युवक ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि सरपंच के पति ने 20 साल पहले उसके पिता से मारपीट की थी। इससे उसकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। इसका बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया। कोनी क्षेत्र के घुटकू में रहने वाले नारायण कौशिक(55) किसान थे। उनकी पत्नी संतोषी कौशिक तखतपुर क्षेत्र की दैजा पंचायत की सरपंच हैं।

उनका परिवार दैजा में रहता है। नारायण घुटकू में अकेले रहते थे। बुधवार की सुबह वे घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक में पड़े मिले। किसी ने इसकी जानकारी कोनी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेज दिया। साथ ही घटना की जानकारी घायल के बेटे अनिल कौशिक को दी। इस पर अनिल भी अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल में किसान बेहोश थे। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। अनिल ने इसकी जानकारी गांव में देकर पूछताछ की। इसमें पता चला कि 31 मई की रात गांव के नंद धीवर और उसके साथी नारायण से मारपीट कर रहे थे। रेलवे ट्रैक के पास सड़क कार्य के लिए मजूदरों का कैंप बनाया गया है। यहां रहने वाले श्रमिकों ने मारपीट से मना किया तो युवक उन्हें भी जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट के बाद युवकों ने उन्हें रेलवे ट्रैक पर डाल दिया। इधर युवकों के डर से श्रमिक अपने कैंप चले गए। सुबह श्रमिकों ने घटना की जानकारी गांव वालों को दी। मृतक के बेटे अनिल ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की। इस पर पुलिस की टीम गांव में पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि नंद धीवर और उसके साथी गांव से फरार है। गांव में तलाशी के बाद पुलिस ने नंद धीवर को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका परिवार नारायण कौशिक के यहां काम करता है। नारायण ने 20 साल पहले नंद के पिता की पिटाई की थी। इससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। इसी बात का बदला लेने के लिए उसने पहले नारायण को बेहोश होने तक पीटा। इसके बाद घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए रेलवे ट्रैक में फेंक दिया।

# दर्री क्षेत्र में दर्जनभर अतिक्रमणों को निगम अमले ने हटाया

**कोरबा ।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर दर्री जोन के सरदार वल्लभभाई पटेलनगर चौक में अवैध रूप से संचालित ठेला, गुमठी, ढाबा तथा बांस बल्ली लगाकर किए गए लगभग एक दर्जन अतिक्रमणों को आज निगम के अतिक्रमण दस्ते न हटा दिया तथा संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि वे पुन: अतिक्रमण का प्रयास न करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही होगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेलनगर चौक में अवैध रूप से ठेला, गुमठी रखकर तथा बांस बल्ली टांगकर ढाबे का संचालन कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा था। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय से प्राप्त निर्देशों के तहत जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा की अगुवाई में निगम के अतिक्रमण दस्ते ने आज कार्यवाही करते हुए इन सभी अतिक्रमणों को स्थल से हटा दिया तथा उक्त स्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी योगेश राठौर ने बताया कि इन अतिक्रमणकारियों को पूर्व में समझाईश दी गई थी कि वे अवैध कब्जों को हटा लें किन्तु उनके द्वारा स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाया गया।

### आरोपित को बचाने के लिए एएसआई ने की लाख की मांग,

# वीडियो वायरल होने से एसएसपी ने किया लाइन अटैच



**बिलासपुर।** महिला संबंधी अपराध में आरोपित को बचाने के लिए मुंगेली जिले में पदस्थ एएसआइ ने स्वजन से एक लाख रुपए की मांग की। दो महीने के बाद मामले का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गया। वर्तमान में एएसआइ सकरी थाने में पदस्थ है। सकरी थाने में पदस्थ एएसआइ शत्रुहन खूंटे तीन महीने पहले मुंगेली जिले के फास्टरपुर चौकी में तैनात थे। इस दौरान एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इसी बीच एएसआइ ने आरोपित के स्वजन से केस को कमजोर करने और जल्द चालान पेश करने के लिए एक लाख रूपये की मांग की। इसका किसी ने मोबाइल पर वीडियो बना लिया। वायरल वीडियो में एएसआइ शत्रुहन खूंटे आरोपित के स्वजन से एक लाख रुपए की मांग को स्वीकार करते हुए केवल 20 हजार रुपए मिलने की बात कह रहे हैं। इसमें मामले की रिपोर्ट बनाने वाले डाक्टर और केस को जल्द न्यायालय में पेश करने के लिए और रुपए की मांग की जा रही है। रुपए नहीं मिलने पर चालान को देर से पेश करने की धमकी भी दी गई है। वायरल वीडियो में चालान पेश करने से आरोपित को जल्द जमानत मिलने की बात भी कही गई है।

### थाना प्रभारी को पता है, मैसेज को डायरी में नहीं किया शामिल

इंटरनेट मीडिया में वायरल वीडियो में केस को कमजोर करने के लिए पीड़ित के कई बातों को दस्तावेज से पहले ही हटा देने की बात एएसआइ द्वारा कही जा रही है। वह बोल रहा है कि मोबाइल मैसेज जांच के दौरान थाना प्रभारी ने भी देखा था, इसके बावजूद उसने मैसेज को डायरी में शामिल नहीं किया है।

### बिलासपुर एसपी ने किया लाइन अटैच, मुंगेली एसपी करेंगे जांच

आरोपित के स्वजन से रुपए की मांग करने का वीडियो प्रसारित होने के बाद एएसआइ शत्रुहन खूंटे को लाइन अटैच कर दिया गया है। एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि मामला दो महीना पुराना है। इस दौरान उनकी पदस्थापना मुंगेली जिले में थी। एसएसपी पारूल माथुर ने मामले की जांच के लिए मुंगेली एसपी को पत्र लिखा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**
**ई-कोर्ट क्रमांक अपंजी /अ-2/2021-2022**
**साकिन -कापू**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-कापू को सूचित किया जाता है कि आवेदिका माधवी लता पति ललित कुमारजाति-सतनामी निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-172 छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम कापू में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 270/3 छ रकबा 0.182 हे. को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने बावत् आवेदन पत्र मय सहपत्र पेश किया गया है।

अत: ग्राम कापू तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थति आवेदक के भूमि स्वामी हक अधिकार एवं कब्जे के भूमि खसरा नंबर 270/3 छ रकबा 0.182 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/06/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**
**ई-कोर्ट क्रमांक अपंजी /अ-2/2021-2022**
साकिन -कापू
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-कापू को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फूलबाई पति उदयराम जाति-सतनामी निवासी कापू तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-172 छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम कापू में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 270/3 क रकबा 0.284 हे. को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने बावत् आवेदन पत्र मय सहपत्र पेश किया गया है।

अत: ग्राम कापू तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थति आवेदक के भूमि स्वामी हक अधिकार एवं कब्जे के भूमि खसरा नंबर 270/3 क रकबा 0.284 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/06/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**
ई-कोर्ट क्रमांक अपंजी /अ-2/2021-2022
साकिन -कापू
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-कापू को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उदयराम पिता साधुराम वगैरह जाति-सतनामी निवासी कापू, तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-172 छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम कापू में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 159/2 रकबा 0.122 हे. को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने बावत् आवेदन पत्र मय सहपत्र पेश किया गया है।

अत: ग्राम कापू तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थति आवेदक के भूमि स्वामी हक अधिकार एवं कब्जे के भूमि खसरा नंबर 159/2 रकबा 0.122 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/06/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़

# संभागायुक्त चुरेन्द्र की उपस्थिति में पाकरगांव में विकास खण्ड स्तरीय समन्वय बैठक का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




महात्मा गांधी के ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी एवं सशक्त बनाने के सपने को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र की उपस्थिति में विगत दिवस पत्थलगांव विकासखंड के पाकरगांव में खण्ड स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का सपना था, कि पंचायतों को स्वावलंबी बनाया जाए। उनके सुशासन के इस सपने को पूरा करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी को अधिक कर्मठता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायतों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी सबसे अधिक है। इस हेतु सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों गांवों के सरपंच-सचिव को आपसी समन्वय एवं बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे गांवों का विकास हो सके। चुरेन्द्र ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण एवं ग्रामीण लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए गांवों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, बुराइयों, नशापान, फिजूलखर्ची को रोकने की आवश्यकता है। इस हेतु इन दोषों को दूर करने के लिए उन्होंने ग्राम सभाओं के माध्यम से अभियान चलाए जाने के लिए कहा। उन्होंने गांवों में आर्थिक गतिविधियों को तेज करने के लिए मछली पालन, पशुपालन, सामूहिक बागवानी और खेती आदि कार्यो पर बल देते हुए कहा कि हर हाथ को रोजगार देने के लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ ही उन्हें पर्याप्त अवसर दिए जाने की भी आवश्यकता है। कमिश्नर ने ग्राम पंचायतों में प्रति सप्ताह ग्रामीण सचिवालय और प्रत्येक 15 दिन में विकासखंड मुख्यालय में विकासखण्ड सचिवालय का आयोजन करने के लिए कहा। जिससे गांवों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो सके। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने और अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करने के साथ ही दैनिक जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देने की बात कही। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित शासकीय भूमि का सर्वे करने, नक्शा अद्यतन करनेए एवं उनका पोर्टल पर एंट्री करने की बात कही साथ ही गांवो में लोक प्रयोजन के लिए उपयोगी शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए उचित कार्यवाही करने एवं नए कब्जों की सूचना पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने गांवों में जल आवर्धन, भूमिगत जलस्त्रोतों का स्तर बढ़ाने हेतु नदी- तालाबों तक पहुंचने वाले जलमार्गों के रास्ते में बनाए गए अवरोधों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए, जिससे गांवों में जलस्तर में वृद्धि हो सके। साथ ही गांवों में जल संरक्षण के लिए सोख्ता एवं बड़े तालाबों के निर्माण करने की बात कही। इस आयोजित समन्वय बैठक में शेखर त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य सुश्री रत्ना पैंकरा, बुधियारीन सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकृत सिंह, एसडीएम आर एस लाल सहित जनपद एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

### रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूप से निषिद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 के लिए जारी अधिसूचना के साथ ही जिले में निर्वाचन होने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भीम सिंह ने शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के उन क्षेत्रों में जो संबंधित जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत/पंचायत वार्ड की सीमा के अंतर्गत आते हैं, वहां रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किए जाएंगे। लोक शांति को देखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। चुनावी सभाओं एवं चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए तहसील मुख्यालय में तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी तथा उप तहसील स्तर पर अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी से लिखित पूर्वाअनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है, परन्तु शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर, शासकीय कार्यालय, छात्रावास, नगर पालिका परिषद, जनपद पंचायत एवं अन्य स्थानीय निकाय कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, दूरभाष केंद्र आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्य स्थिति में भी पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक जिले में निर्वाचन होने वाली संबंधित ग्राम पंचायतों की सीमा में प्रभावशील रहेगा।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचनः होर्डिंग्स लगाने के लिए एसडीएम से लेनी होगी अनुमति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 हेतु 31 मई 2022 से प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के दौरान जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

### लाउड स्पीकर के उपयोग एवं जुलूस निकालने के लिए तहसीलदार से लेनी होगी अनुमति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 हेतु 31 मई 2022 से प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के दौरान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत लाउडस्पीकर के उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन तथा इन सभाओं में लाउडस्पीकर के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकर के उपयोग, जुलूस के मार्ग निर्धारण, जुलूस निकालने की अनुमति आदि के लिए संबंधित तहसीलदार को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया है।

### ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर आए दो लोगों ने किया लाखों का सोना पार

**जांजगीर-चांपा** । बम्हनीडीह नगर के बाजार पारा में एक सराफा दुकान से बुजुर्ग व्यवसायी को दो लोगों ने अपनी बातो में उलझाकर 5 तोला सोने का जेवर पार कर दिया। पीड़ित सराफ व्यवसायी ने मिलाने के दौरान जब सामान कम पाया और सीसीटीवी फुटेज चेक किया तब खुलासा हुआ जिसके बाद व्यवसायी ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। सोने की कमीत ढाई से पौने तीन लाख के करीब है। मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह के बाजार पारा में 66 वर्षीय गणेश प्रसाद पिता स्व. परसादी लाल सराफ मां दुर्गा ज्वेलर्स के नाम से सराफ दुकान का संचालन किया जाता है। उनके दुकान में बीते रोज 2 जून को सुबह लगभग 11:30 बजे के करीब दो व्यक्ति बच्चों के लिए चांदी की चूड़ी लेने पहुंचे थे। सामान लेने के दौरान उनके द्वारा व्यवसायी गणेश प्रसाद को बातों में उलझाकर 3 छोटे डिब्बों में रखे सोने के मराठी लॉकेट 15 जोड़ी, सोने की अंगूठी संख्या लगभग 10 पीस, सोने का गेहूं दाना 20 से 25 पीस लगभग कुल वनज 50 ग्राम से कुछ ज्यादा को लेकर फरार हो गए।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय अंतर्गत छूटे हुए एवं नवीन पात्र हितग्राहियों को भी योजना का लाभ देने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनांतर्गत् वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम किश्त 21 मई 2022 को पात्र हितग्राहियों के खाते में सीधा डीबीटी किया गया है। परंतु अभी भी कुछ पात्र हितग्राही छूट हुए हैं या नये आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने सभी जनपद सीईओ और तहसीलदार को राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों एवं नये प्राप्त आवेदन पत्रों का भी समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत 10 जून तक पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्ति, 11 जून से 17 जून तक जनपद स्तर पर पोर्टल में प्रविष्टि, 18 जून से 24 जून तक तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों को स्वीकृति या निरस्त, 27 जून को तहसीलदार द्वारा आवेदनों के सत्यापन पश्चात् दावा आपत्ति करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची का प्रकाशनए 30 जून से 07 जुलाई तक ग्राम पंचायत द्वारा उक्त सूची का ग्राम सभा के समक्ष दावा आपत्ति के लिए प्रस्तुत, 8 जुलाई को विशेष ग्राम सभा में दावा आपत्ति आवेदनों का निराकरण, 9 जुलाई से 15 जुलाई तक ग्राम सभा से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार पात्र-अपात्र हितग्राहियों का वेबसाईट में अद्यतीकरण जनपद स्तर से तथा 18 जुलाई को कलेक्टर द्वारा सूची का अंतिम सत्यापन कर प्रकाशन किया जाएगा।

## जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा निर्देश में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिले के दूरस्थ अंचल के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के चिनहांकित गांवों एवं हाट बाजारों में कला जत्थाए स्थानीय बोली और नाच-गान के माध्यम से शासन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आरूग रायपुर कला जत्था नाचा दल द्वारा बगीचा विकासखण्ड के सामरबार, जुरगुम एवं बगीचा में कला जत्था के माध्यम छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनीक, राजीव युवा मितान क्लब, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार अभिनट नाट्य फाउंडेशन रायपुर कला जत्था, नाचा दल द्वारा कुनकुरी विकाखण्ड के नारायणपुर, गोरिया और कुनकुरी सलियाटोली में लोगों को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ स्थानीय बोली में नाटक एवं गीतों के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहें हैं। कला जत्था के टीम द्वारा साप्ताहिक बाजारों एवं ग्रामीणों के बीच स्थानीय कलाओं का मंचन कर छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार सामग्री नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। सुदूर क्षेत्रों में कला जत्था को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लोग योजनाओं से रूबरू होकर लाभान्वित होने के लिए जागरूक हो रहे हैं।




## सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी एवं सहारा ग्रुप के किसी भी स्कीम में राशि अंशदान न करें जमा

दिल्ली हाइकोर्ट ने निवेशकों से राशि जमा लेने पर लगाया प्रतिबंध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने जनसामान्य को जानकारी देते हुए सूचित किया है कि माननीय उच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा याचिका अंतर्गत पारित आदेश 22 मार्च 2022 द्वारा सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी को निवेशकों से कोई भी जमा लेने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। अतएव सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी एवं सहारा ग्रुप के किसी भी स्कीम में राशि अंशदान जमा न करें। इस सूचना प्रसारण के बाद भी यदि कोई व्यक्ति सहारा ग्रुप के किसी भी स्कीम में राशि जमा करता है तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सहारा क्रेडिट

**वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जनसामान्य के लिए जारी की है सूचना**

को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड सहारा इण्डिया भवन कपूरथला काम्पलेक्स अलीगंज लखनऊ उ.प्र.केन्द्रीय पंजीयक सहकारी सोसायटी कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय भारत सरकार से प्रतिबद्ध है। विगत कुछ समयों से सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी के विरूद्ध सोसायटी के अंशधारकों/जमाकर्ताओं द्वारा जमा अंशदान की वापसी नहीं होने की लिखित शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है। जिसको देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा याचिका अंतर्गत पारित आदेश दिनांक 22.3.2022 द्वारा सहारा क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी को निवेशकों से कोई भी जमा लेने के लिए प्रतिबंधित किया गया है, इसे जनसामान्य की सूचना के लिए प्रसारित किया जा रहा है।

## जिले में 9 लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाईन सेवाओं का दिया जा रहा है लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के 9 लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाईन सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। केन्द्र के माध्यम से लोगों को आधार कार्ड, पेंशन कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण पत्र सहित राजस्व, भूमि दस्तावेज सेवाएं प्राथमिकता से दिया जा रहा है। जिला सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के ई.जिला प्रबंधक निलांकर वासु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अब तक 223413 लोगों को आय प्रमाण-पत्र, 132331 निवास प्रमाण-पत्र एवं 128288 लोगों का जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। विगत तीन वर्ष में आय प्रमाण.पत्र 106509, निवास प्रमाण-पत्र 59838 एवं जाति प्रमाण-पत्र 61882 जारी किया गया है साथ ही लोक केन्द्र में डिजिटल हस्ताक्षर, पासपोर्ट, एलआईसी प्रीमियम, वाहन बीमा, आधार कार्ड ई-प्रिंट, ड्राइविंग लाइसेंस, रोजगार पंजीयन, श्रम पंजीयन, मतदाता परिचय पत्र, बिजली बिल भुगतान सहित अन्य सेवाएं दी जा रही है।

## छत्तीसगढ का पहला शौर्य चक्र लेकर पंहुचे शहीद पूर्णानंद के परिजन का साहू समाज ने किया आत्मीय स्वागत

राजनांदगांव- बस्तर के नक्सली मुठभेड मे अपने अदम्य साहस का परिचय देने वाले शहीद पूर्णानंद साहू को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया जिसे महामहिम राष्ट्रपति डा रामनाथ कोविंद के द्वारा दिल्ली मे प्रदान किया गया। जो छत्तीसगढ को मिलने वाला पहला शौर्य चक्र है।




इस गरिमामय सम्मान लेकर शहीद पूर्णानंद के माता उर्मिला पिता लक्ष्मण साहू व उनके बहन बबली साहू के राजनांदगांव आगमन पर जिला साहू संघ राजनांदगाँव द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। रामदरबार चौक मे समाज के पदाधिकारियो ने उनकी अगुवाई की, चौक मे फूल मालाओ से अभिनंदन कर रैली के शक्ल मे पूर्णानंद अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, पूर्णानंद का नाम रहेगा, भारत माता की जय, के गगनचुंबी नारी के साथ महावीर चौक होते हुए शहीद स्मारक पंहुचे जहा सैनिक कल्याण संघ के पदाधिकारियो भूतपूर्व सैनिकोने पूर्णानंद के माता पिता का अभिनंदन किया, पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव भी इस अवसर पर पंहुचकर कर अभिनंदन किया।

जयस्तंभ चौक मे जिला साहू संघ के पदाधिकारियो ने जय स्तम्भ पर कैंडल जलाकर उनके शहादत को नमन किया। शहर भ्रमण के दौरान मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक मे पूर्णानंद साहू अमर रहे नारो के साथ जिला साहू सदन पंहुचे जहा एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिला साहू संघ के अध्यक्ष कमल किशोर साहू सहित सभी पदाधिकारियो ने फूल मालाओ व शाल श्रीफल से अभिनंदन किया । इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण संघ के पदाधिकारी, पुलिस विभाग, बाल संस्कार संस्था सहित सेवा भावी संस्था के पदाधिकारी भी सम्मलित हुए।इस दौरान पूर्णानंद साहू अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा पूर्णानंद साहू का नाम अमर रहेगा, मां कर्मा का लाल अमर रहे, भारत का लाल अमर रहे, छत्तीसगढ महतारी का लाल अमर रहे, साहू समाज का लाल अमर रहे जैसे साहू सदन गुंज उठा।

## ओबीसी कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ 6 जून को सभी जिला मुख्यालय में करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर।** ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव के आव्हान पर ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार के विरोध में सभी जिलों में ओबीसी कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 6 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त मांगों को लेकर जिसमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित हैं =-जातिगत जनगणना = जनगणना जातीय आधार पर होने से प्रत्येक जाति की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक की सही पहचान हो सकेगी। इससे यह होगा कि आरक्षण जिसको मिलना चाहिए उसी को मिलेगा उसके हिस्से का आरक्षण कोई और जाति का नही ले सकेगा और सरकार के पास पूरा ब्योरा होगा और उसी के आधार पर आरक्षण दिया जा सकेगा। महाराष्ट्र और हरियाणा में जातिगत जनगणना न होने की वजह से पंचायत व निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नही दिया गया है। इसके अलावा आधी आबादी होने के बावजूद भी ओबीसी को मात्र 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है और कई प्रदेशों में तो 27 प्रतिशत से भी कम आरक्षण दिया जा रहा है। क्रीमीलेयर-ओबीसी वर्ग की नौकरी व शिक्षा के आरक्षण में सरकार द्वारा क्रीमीलेयर लगाई हुई है। जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार ने 8 लाख रूपये जबकि कई प्रदेश सरकारों ने मात्र 6 लाख रूपये सालाना आय पर क्रीमीलेयर लगा दिया है। इतना ही नहीं क्रिमीलेयर में कृषि और सेलरी को भी जोड़ दिया गया है। सरकार द्वारा क्रीमीलेयर को हटाया जाए क्योंकि क्रीमीलेयर लगने से नौकरियों और शिक्षा में ओबीसी वर्ग की सीटें खाली रह जाती हैं। अहीर और गुर्जर रेजिमेंट के अलावा पिछड़ा वर्ग की अन्य जातियों की रेजिमेंट बननी चाहिए - अन्य रेजीमेंटों की तरह अहीर, गुर्जर और अन्य पिछडा वर्ग की अन्य जातियों की भी रेजिमेंट



बननी चाहिए क्योंकि देश की आजादी से लेकर सभी युद्धों में जैसे 1962, 1965, 1971, रेजांगला, कारगिल, संसद हमला इत्यादि सभी युद्धों में ओबीसी वर्ग के बहुत से जवानों ने भागीदारी ली और देश की रक्षा करते हुए शहीद भी हुए हैं। मंत्रालय ओबीसी के लिए - ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए एक अलग से मंत्रालय बने। जो कि पिछड़े वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाएं। साथ ही बजट में ओबीसी वर्ग के उत्थान व विकास के लिए अलग पैसा मिले। यदि जातीय जनगणना हो जाए तो प्रत्येक जाति को उसके हक का पैसा मिल सकेगा। कॉलेजियम प्रणाली हो ओबीसी के लिए: उच्च न्यायपालिका व न्याय पालिकाओं में ओबीसी वर्ग की भागीदारी बहूत कम है। एक आयोग बने जो मेरिट के आधार पर ओबीसी वर्ग के लोगों की नियुक्ति न्यायपालिका में करे।

जब तक देश की उच्चतर न्यायपालिका में ओबीसी का उचित प्रतिनिधित्व नही होगा तब तक ओबीसी वर्ग को न्याय नही मिलेगा। ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी अलग से आरक्षण मिले = हमारे समाज की महिलाएं बहुत पीछे हैं उनको भी बराबरी का हक मिलना चाहिए। महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण का 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी की महिलाओं को मिलें। प्राइवेट सेक्टर में 50 प्रतिशत आरक्षण = देश की जनसंख्या की लगभग आधी आबादी ओबीसी की है उसके हिसाब से प्राइवेट सेक्टर में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। ओबीसी वर्ग के लोगों को ठेके की नौकरी की बजाय पक्की नौकरी दी जानी चाहिए। विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति = अनुसूचित जाति-जनजाति की तर्ज पर अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। निजीकरण को बंद किया जाए = भाजपा सरकार द्वारा सरकारी संस्थाओं जैसे एयरपोर्ट, बंदरगाह, लाल किला, एलआईसी, रेलवे, बहल इत्यादि का निजीकरण किया जा रहा है। यह सब आरक्षण खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है इसलिए हमारी गुजारिश है कि देश में निजीकरण बंद किया जाए।

# हिन्दु समाज को ठेस पहुंचाने वाले को कड़ी सजा दिलाने की मांग

## समर्थन में नगर सहित आसपास के दुकानदारों ने किया दुकान बंद

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

**सनातन संस्कृति में आये दिन समुदाय विशेष के कुछ लोग जान समझ कर हिन्दू समाज के मान बिन्दुओं एवं हिन्दू समाज के आस्था पर ठेस पहुंचाया जा रहे हैं**

इसी क्रम में 30 मई को वट सावित्री पूजन के दिन जशपुर रानी बगीचा में सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति का दीर्घ आयु के लिए वट सावित्री पूजा रोड किनारे वट वृक्ष का कर रहे थे कि एक अल्पसंख्यक मुस्लिम युवक द्वारा पूजा स्थल को अपने मूत्र विसर्जन कर उसे पवित्र गंगा जल छिड़काव कर रहा हूं कहते छिड़क दिया एवं अपने पतिदेव के लिए उपवास किये व्रतीय नारी को भी मूत्र छिड़काव कर वट सावित्री पूजन सामग्री तक अपवित्रीकरण कर दिया गया जिससे हिन्दू समाज में काफ ी रोश उत्पन्न हो गया है परापर जशपुर में तो इसका विरोध 30 मई शाम से हो रहा है। जिसमें जशपुर के समाज सेवी वेदप्रकाश तिवारी अपने टीम के साथ जन जन तक इस विषय को सूचना कर जनजागरण किया बल्कि घटना से हताश नारी शक्ति को भी साहस दे कर उनका मनोबल बढ़ाने उनका




नेतृत्व करते हुए सभी नगरवासी के सहयोगी बन कर विधिवत अपराधी को जेल भेजवाने तक डटे रहे। जब घटना का जानकारी क्षेत्रीय सांसद गोमती साय को मिला वह भी जशपुर आकर इस घटना से हताश नारी शक्ति को साहस एवं मनोबल बढ़ाते हुए उनके न्याय के लिए साथ खड़े हुए एवं घटना का कड़े विरोध किये तथा अपराधी को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग बुलंद किया गया। इस घटना से केवल जशपुर ही नहीं बल्कि जहां जहां यह समाचार लोगों तक पहुंचा वहां हिन्दू समाज कठोर निन्दा कर रहे हैं और अपने तरीका से विरोध प्रदर्शन भी करते देखे जा रहे हैं इसी क्रम में जशपुर निचघाट दुलदुला क्षेत्र में खंडसा से लोरोघाट तक एन एच 43 मुख्य सड़क के किनारे बसे सभी व्यापारी अपने व्यापरिक प्रतिष्ठान स्वस्फ ुत बंद कर विरोध प्रदर्शन किया एवं उक्त घटना का कड़ी निन्दा कर रहे हैं तथा अपराधी को कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग किया जा रहा है इस विरोध प्रदर्शन सभी समाज के लोग समर्थन कर रहे हैं दुकानदार के अलावा आम आदमी भी घटना का निन्दा कर रहे हैं कुल मिलाकर इस घटना से शांतिप्रिय जशपुर मेंअशांति महसूस कर रहे हैं आये दिन इस तरह की गंदी घटना और भी घट सकती है और आपसी भाईचारा का भाव बिगड़ सकता है ।

# जहर पीने से महिला की हालत गंभीर, अस्पताल में उपचार जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

दुधमुंही बच्ची की मां ने जहर पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। लेकिन समय रहते परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां महिला का इलाज चल रहा है। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमलिटिकरा के आश्रित गांव प्रेमनगर निवासी उतराबाई मझवार पति घुरसिंह मझवार उम्र लगभग 32 वर्ष ने घर में रखे कीटनाशक सेवन कर ली। कीटनाशक दवाई पीने से महिला की हालत गंभीर हो गई। इसकी



जानकारी जब परिजनों को हुई तब 112 की मदद से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां महिला की उपचार जारी है। महिला के पति ने बताया कि किस कारण से कीटनाशक का सेवन की है कारण पता नहीं चल रहा है।

# अंबेटिकरा मन्दिर परिसर में मिला मृत कारतूस, समिति ने थाने में दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

अंबेटिकरा मंदिर परिसर में कारतूस मिलने से सनसनी फैल गई। जिसकी जानकारी समिति के सदस्यों ने धरमजयगढ़ थाने में दी है। कुछ दिन पहले मन्दिर परिसर की साफ सफाई की जा रही थी। तभी सफाई कर रहे गोपाल पटेल पिता उज्ज्वल पटेल निवासी शाहपुर को मंदिर परिसर में बने विश्राम गृह के पास यह कारतूस मिला। गोपाल ने उसे मन्दिर समिति के सचिव टीकाराम पटेल को सौंप दिया। जिसपर टीकाराम पटेल ने इसकी जानकारी समिति



के अध्यक्ष एसडीएम धरमजयगढ़ एवं अन्य सदस्यों को दी। अध्यक्ष के मौखिक आदेश पर समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को लिखित जानकारी दी है। थाना प्रभारी ने कारतूस को देखते हुए बताया कि यह मृत कारतूस है। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के समय मंदिर परिसर से दानपेटी चोरी करने वाले चोरों को पुलिस अभी तक नहीं पकड़ सकी है। जिससे असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी ठोकर, बाइक सवार तीन लोग हुए घायल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के बरतापाली सड़क में बिती रात एक अज्ञात तेज वाहन ने बाइक को ठोकर मारकर निकल गई जिसमे बाइक सवार तीन लोग जख्मी हो गए है जिनका धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिती रात बरतापाली निवासी चार नवयुवक किसी काम से ढोलू आमा गांव गए हुए थे रात में वापस बरतापाली आ रहे थे तभी बताया जा रहा है ढोलू आमा और बरतापाली के बीच सड़क में कोई अज्ञात तेज वाहन उन्हें ठोकर मारकर निकल गई जिसमे बाइक सवार करम सिंह मांझी का बांया पैर जख्मी हो गया पैर टूट गया वहीं दूसरा युवक निरंजन मांझी के सिर में चोट आई है तो वहीं तीसरा बाइक सवार रोहित मांझी के आंख के पास चोट लगी है इस तरह एक ही बाइक में सवार 4 नवयुवकों में से तीन लोग जख्मी हुए है जिन्हें 112 की मदद से इलाज के लिए धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहाँ फिलहाल उपचार जारी है ।

### कांग्रेस का दो दिवसीय नव चिंतन शिविर सम्पन्न

बिलासपुर के नेता हुए शामिल

**बिलासपुर** । प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय नव संकल्प चिंतन शिविर की कार्यशाला सम्पन्न हुई, सत्र में उदयपुर चिंतन शिविर के द्वारा लिये गये निर्णयों को प्रदेश में लागू करने हेतु 6 समितियों का गठन किया गया था, पहली कमेटी संगठन की पूर्णता को लेकर थी, जिसमें शामिल सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। दूसरी कमेटी कांग्रेस द्वारा ए.आई.सी.सी. के निर्देश पर निकाली जाने वाली जिला स्तरीय पदयात्रा को लेकर थी, जिसकी परिचर्चा में भी विधायक, सांसद, पदाधिकारीगणों में भी चर्चा थी। तीसरी कमेटी आजादी की 75वीं वर्षगांठ के आयोजन के समापन समारोह पर होने वाली पदयात्रा पर थी, जिसकी परिचर्चा में भी नेताओं ने भाग लिया। चौंथी शिविर संकल्प शिविर की घोषणा पर थी, जिस पर चर्चा हुई। उक्त कमेटी में बिलासपुर के जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी भी शामिल रहे। पांचवीं कमेटी जिला स्तरीय नव संकल्प शिविर पर परिचर्चा की गई, जिसमें बिलासपुर के प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी ने परिचर्चा में भाग लिया।

# बीमारी से तंग आकर युवक ने किया कीटनाशक का सेवन

## गंभीर अवस्था में धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के तराईमार गांव में एक 36 वर्षीय युवक बीमारी से तंग आकर कीटनाशक दवा का सेवन कर जान देने की कोशिश की है। जिसे परिजन गंभीर अवस्था में इलाज के लिए धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती कराएं हैं जहां युवक का उपचार किया जा रहा है।

धरमजयगढ़ क्षेत्र में इन दिनों वजह चाहे ज्ञात हो या अज्ञात जहर खुरानी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं जो बेहद दुखद एवं चिंता जनक है इसी क्रम में मिली जानकारी के अनुसार बिती रात तराईमार निवासी गिरधारी लाल साहू पिता रघुवीर साहू उम्र करीब 36 वर्ष को गंभीर अवस्था



मे इलाज के लिए धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है बताया जा रहा है कि युवक काफी समय से बीमारी से ग्रसित है लंबे समय से अस्वस्थ्य होने की वजह से परेशान होकर ऐसा घातक कदम उठाया है बताया जा रहा है बिती रात करीब 12 और 1 बजे के बीच गिरधारी खेत मे डालने के लिए घर में रखे कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जब इस गंभीर मामले की जानकारी भोर में परिजनों को हुई उसके तुरंत बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा सघन उपचार किया जा रहा है।

# विश्व सायकल दिवस पर सायकल रैली का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



संस्कार भारती जिला इकाई बिलासपुर एवं पर्यावरण जागरूकता मंच की ओर से विश्व साइकिल दिवस पर साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दिनेश पांडेय के मार्गदर्शन में महामाया चौक से शुरु होकर नगर भ्रमण करते हुए,श्री सिद्धपीठ गिरिजावन हनुमान मंदिर मे समाप्त हुआ। जहा पर मंहत तारकेश्वर पुरी महराज एवं संस्कार भारती बिलासपुर जिला इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष शुकदेव कश्यप ने साइकिल रैली का तिलक वंदन करके स्वागत किया।इस अवसर पर संस्कार भारती बिलासपुर के जिला सहमंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहने के लिये अपने दैनिक जीवन मे साइकिल का उपयोग करना चाहिए, साइकिल रैली के माध्यम से पर्यावरण व स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है। शिक्षक दिनेश पाण्डेय ने कहा- साइकिल की सवारी करके हम, फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया मूवमेंट, क्लीन इंडिया मूवमेंट और हेल्दी इंडिया मूवमेंट को पूरा कर सकते हैं।हर साल 3 जून को दुनियाभर में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व साइकिल दिवस मनाने का फैसला किया था। सर्वसम्मति से इसके लिये 3 जून का दिन चुना गया था। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य स्वास्थ्य और पार्यवरण की रक्षा करना है। इस दिन लोगों को साइकिल चलाने के फायदे गिनाने के लिये जागरूक किया जाता है। विश्व भर में विशेष कार्यक्रम होते हैं।श्री गिरजावन हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक एवं मंहत तारकेश्वर पुरी महराज ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्तियों को स्वस्थ रखते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है। साइकिल चलाने से स्वस्थ रहने के साथ ही प्रदूषण भी कम होता है। खेलो इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और ईंधन की खपत भी कम होती है।उन्होंने कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा जब युवा आगे बढ़ेगा। युवा तब आगे बढ़ेगा जब स्वास्थ रहेगा। इसलिये साइकिल का उपयोग् कर सभी स्वस्थ रहे।। साईकल यात्रा मे, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र दुबे,रविंद्र सोनी,रामचरण धीवर,शुकदेव कश्यप, दिनेश पांडेय, मुकेश श्रीवास्तव सहित युवाओ व बच्चों ने जोश के साथ भाग लिया। आभार प्रदर्शन जिला सहकोषप्रमुख दिनेश पांडेय ने किया।

# सार्वजनिक तालाब से कब्जा हटाने वार्डवासियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

## नहीं हटाने पर अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वार्डवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें सार्वजनिक तालाब में किए गए बेजा कब्जा को तत्काल हटाने की मांग की गई है। नहीं हटाने पर 9 जून से अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कही गई है। वार्डवासियों ने बताया है कि धरमजयगढ़ कालोनी वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 के मध्य अंबेटिकरा मेन गेट के समीप नगर पंचायत द्वारा शासकीय तालाब निर्मित किया गया है। जिस तालाब का विगत दो दशकों से वार्डवासी निस्तारित कार्य, पूजा पाठ इत्यादि के लिए उपयोग करते आ रहे हैं। आमजनता के अलावा पशु पक्षियों एवं अन्य जीव जंतुओं के लिए भी काम आ रहा है। लेकिन इस तालाब पर भूमाफियाओं की नजर लग गई है। षडयंत्र रचकर फर्जी कागजात बनवाकर उक्त तालाब में कब्जा किया जा रहा है। वहीं तालाब के मेड़ को काटकर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। वार्डवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। जिससे भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं। तत्काल इस तालाब से बेजा कब्जा को हटाया जाए। नहीं तो 9 जून से वार्डवासी नगर पंचायत के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

# रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार से पूर्व मैदान का हो सीमांकन ताकि अवैध कब्जे पे हो सकें बेदखली की कार्यवाही -शशिभूषण चौहान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर के मध्य में स्थित रामलीला खेल मैदान परिसर में जनभावनाओं के विपरीत हो रहें निर्माण और कब्जे को लेकर रायगढ़ भाजपा अब खुलकर सामने आ गई है। इसी कड़ी में आज जिला भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त संबित मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया हैं। सौंपे गए ज्ञापन में युवा भाजपा नेता ने नवनियुक्त निगम आयुक्त का ध्यानाकर्षण कराते हुए बताया कि रामलीला खेल मैदान से शहर के हजारों युवा खिलाड़ियों, पूर्व खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों और आम जनता की भावनाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं और उसी को ध्यान में रखते हुए आज से लगभग दो महीने पूर्व इस खेल मैदान के जीर्णोद्धार





के लिए राज्य शासन की ओर से 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी लेकिन आज पर्यन्त जीर्णोद्धार की दिशा में नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक और सार्थक प्रयास नहीं किए गए हैं। आगे सौंपे गए ज्ञापन में युवा नेता चौहान ने इस बात का भी जिक्र किया है कि जीर्णोद्धार कार्य में हो रही अनावश्यक लेटलतीफ ी की वजह से किसी स्थानीय कांग्रेसी नेता के द्वारा नियम विपरीत तरीकों से पूर्व में रास्ते के लिए छोड़े गए लगभग 1200 वर्ग फीट भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जा किया जा रहा है ऐसे मे युवा नेता द्वारा निगम आयुक्त से यह मांग भी की गई है कि मैदान के जीर्णोद्धार से पहले एक बार रामलीला खेल मैदान का सीमांकन कार्य करवाया जाएं ताकि अगर मैदान परिसर अथवा उसके रास्ते के लिए छोड़ी गई भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा अथवा निर्माण हुआ है अथवा किया जा रहा है तो कानून सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए यथाशीघ्र उक्त अवैध निर्माण या कब्जे पर बेदखली की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सकें। आज निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी अंकित मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकरणी सदस्य राजेश जाटवर, मंडल उपाध्यक्ष अल्फ्सख्य रितेश जैन, रमेश चौहान, रोशन पटेल, विकास चौहान, साहिल खान, सुनील चौहान, आदित्य कुमार, अंशु मेहर और शक्ति चौहान मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in